# द फोटोन न्यूज

हिंदी दैनिक

सच के हक में...


झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित

रांची ● शनिवार, 12 अप्रैल 2023 ● वर्ष : 01 ● अंक : 89 ● रांची संस्करण ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 ● www.thephotonnews.com

E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com


**सुविचार**

यह मत भूलें कि जो शरीर व मस्तिष्क ईश्वर ने विश्व के सबसे सफल व्यक्ति को दिया है, वही आपको भी दिया है। बस उसका उपयोग कैसे करना है, यह आप तय करेंगे।



08

आर्मी ऑफिर के किरदार में नजर आने वाले हैं शाहरुख


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 60,431.00 |
| निफ्टी | : | 17,828.00 |

**सर्राफा**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,810 |
| चांदी | : | 83.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)




इफ्तार (शनिवार) : 06.12

सेहरी (रविवार) : 04.10

## ब्रीफ न्यूज

### 15 लाख के इनामी भाकपा माओवादी कमांडर इंदल गंझू ने किया पटना में सरेंडर

**रांची :** 15 लाख के इनामी भाकपा माओवादी कमांडर इंदल गंझू ने सरेंडर कर दिया है। इंदल गंझू ने पटना में पुलिस के समक्ष सरेंडर किया है। इंदल मूल रूप से बिहार के गया जिला के इमामगंज थाना क्षेत्र के असरैन गांव का रहने वाला है। वर्तमान में वह भाकपा माओवादी संगठन में रिजनल कमांडर था और सरकार ने उस पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस की दबिश से परेशान होकर इंदल ने सरेंडर किया है। चतरा जिले के लावालोंग थाना क्षेत्र में बीते तीन अप्रैल को पुलिस की टीम ने पांच इनामी नक्सलियों को मार गिराया था। मारे जाने वाले नक्सलियों में 25 लाख के दो इनामी नक्सली गौतम पासवान और चार्लीस उरांव शामिल थे। दोनों ही स्पेशल एरिया कमेटी के सदस्य (सैक) थे। इनके अलावा पांच लाख के तीन इनामी नक्सली नंदू, अमर गंझू और संजीत उर्फ सुजीत गुड़िया भी शामिल थे। यह तीनों ही सब जोनल कमांडर थे।

### प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नद पर बनने वाले 12.21 किमी लंबे फोर लेन ब्रिज का किया शिलान्यास

**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय असम दौरे पर शुक्रवार को गुवाहाटी पहुंचने के बाद कई परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने अपनी असम यात्रा की कड़ी में सोरुसजाई स्टेडियम में आयोजित बिहू कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सोरुसजाई स्टेडियम से प्रधानमंत्री ने वर्चुअल रूप से ब्रह्मपुत्र नद पर 3,200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले चार लेन वाले 12.21 किमी लंबे पलाशबाड़ी-सुआलकुची सेतु प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। ऊपरी असम के शिवसागर जिला स्थित ऐतिहासिक रंग घर परिसर के सौंदर्यीकरण की 124 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना का शुभारम्भ किया।

### कोविशिल्ड वैक्सीन का उत्पादन हुआ शुरू, तीन महीने में सत्तर लाख डोज होगी उपलब्ध

**पुणे :** देश में दिन-प्रतिदिन कोरोना मरीजों की संख्या में हो रहे इजाफे और सरकारी चिकित्सा केंद्रों में वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने से अफरा-तफरी का माहौल बन रहा है। ऐसे में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने एक बार फिर कोविशिल्ड वैक्सीन का उत्पादन शुरू कर दिया है। अगले तीन महीने में 6 से 7 मिलियन (सत्तर लाख) कोविशिल्ड वैक्सीन की डोज तैयार की जाएगी। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के अदार पूनावाला ने कहा कि एक बार फिर कोविशिल्ड वैक्सीन का उत्पादन शुरू कर दिया गया है। अगले कुछ पखवाड़े में 6 से 7 मिलियन (सत्तर लाख) कोविशिल्ड वैक्सीन की डोज तैयार कर दी जाएगी।

# बाबा भीम राव अंबेडकर की जयंती पर सीएम-राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि





**रांची :** संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ। भीमराव अंबेडकर की जयंती पर डोरंडा स्थित उनकी प्रतिमा पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णान और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन माल्यार्पण किया और श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा भीम राव अंबेडकर किसी परिचय के मोहताज नहीं है। संयोग से वे एक ऐसे समाज से आते थे, जो वर्षों से उपेक्षित रहा। ऐसे समाज से आने वाले व्यक्ति की सोच और कर्म इतनी बड़ी रही कि देश को एक ऐसा संविधान दिया, जो अमीर, गरीब, ऊंच-नीच, छोटे-बड़े के भेदभाव को समाप्त करता है। ऐसे महान व्यक्ति को हम नमन करते हैं। सभी को बाबा साहेब से सीख लेने की जरूरत है।

# आर्मी लैंड स्कैम : दस्तावेजों का कोलकाता और भोजपुर कनेक्शन, होगी फॉरेंसिक जांच

## डीड 1932 का, पश्चिम बंगाल नहीं था अस्तित्व में, पिन कोड से भी संदेह

**वरीय संवाददाता, रांची।**

राजधानी के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन हड़पने में बनाये गये जाली दस्तावेजों का लगातार खुलासा हो रहा है। ईडी को जानकारी मिली है कि केस के अभियुक्त प्रदीप बागची, जिसे ईडी ने गुरुवार रात गिरफ्तार किया था, उसने दावा किया है कि वह 4.55 एकड़ जमीन का असली मालिक है। यह साबित करने के लिए उसने जो डीड पेश किया उसमें 1932 में पिता द्वारा खरीदी बताई थी और कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय से रजिस्ट्री हुई थी। दरअसल, दस्तावेजों में राज्य का उल्लेख पश्चिम बंगाल के नाम से है। जबकि 1932 में यह सिर्फ बंगाल था। पश्चिम बंगाल 1947 में अस्तित्व में आया। इसी तरह, गवाहों, विक्रेता और क्रेता के पते के साथ पिन कोड का उल्लेख किया गया है। जबकि पोस्टल इंडेक्स नंबर (पिन) 15 अगस्त, 1972 को पेश किया गया था। वहीं जमीन के दस्तावेज में बिक्री के एक साक्षी का मूल जिला भोजपुर बताया गया है। जबकि भोजपुर जिला 1972 में अस्तित्व में आया है।

### कोलकाता रजिस्ट्रार कार्यालय भी रडार पर, डीड के पन्ने और स्याही की होगी जांच



इडी द्वारा गिरफ्तार सात आरोपियों को जेल के लिए ले जाती पुलिस ● फोटोन न्यूज

ऐसी जानकारी है कि कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों की प्रति कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय के भूमि अभिलेखों में अलग से लगायी गई थी। अब ईडी ऐसे सभी दस्तावेजों के साथ-साथ कोलकाता रजिस्ट्रार कार्यालय के भूमि रजिस्टरों का फॉरेंसिक जांच कर सकती है। ताकि पन्ने और स्याही कब के हैं, इसका पता लगाया जा सके। ईडी ने इस मामले को जांच के लिए लिया और तत्कालीन रांची डीसी और आईएएस छवि रंजन, भूमि दलालों और कई राजस्व अधिकारियों के खिलाफ देशव्यापी छापेमारी की। यहां तक कि दक्षिण छोटानागपुर के संभागीय आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी द्वारा दिए गए जांच के आदेश में कहा गया है कि रांची में 4.55 एकड़ भूमि वर्तमान में भारतीय सेना के कब्जे में है। लेकिन जयंत कर्नाड के स्वामित्व में, प्रदीप बागची द्वारा धोखे से एक दिलीप घोष नाम के व्यक्ति को जमीन बेच दी गयी थी। अखिल भारतीय अनुसुचित जाति महासभा के राष्ट्रीय महासचिव उपेंद्र कुमार द्वारा नवंबर 2021 में दर्ज कराई गई एक शिकायत के मद्देनजर जांच का आदेश दिया गया था। कोलकाता के दिलीप घोष जगतबंधु टी एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। उप निदेशक (कल्याण) द्वारा की गई जांच में कहा गया है कि विक्रेता प्रदीप बागची के पक्ष में उक्त भूमि के स्वामित्व का एक फर्जी दस्तावेज (पंजीकरण संख्या 4369/1932) बनाया गया था।

### बड़ागाईं सीआई सहित सात आरोपियों को जेल

**रांची :** रांची के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने बड़गाईं सीआई सहित सात लोगों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। न्यायालय के समक्ष पेश किए जाने के बाद सभी आरोपियों जेल भेज दिया गया। ईडी ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों में बड़गाईं सीआई भानु प्रताप, कारोबारी प्रदीप बागची, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। जिन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। इस दौरान आरोपियों के घर वाले और बचाव पक्ष के अधिवक्ता भी मौजूद रहे। मौके पर विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी मौजूद थे।

### 90 साल बाद अचानक बेच दी जमीन

1 अक्टूबर, 2021 को जांच रिपोर्ट में कहा गया है, प्रथम दृष्टया यह आरोप सही पाया गया है कि जमीन की बिक्री को फर्जी तरीके से अंजाम दिया गया था। यह भारतीय सेना के कब्जे वाले शहर के मध्य में स्थित एक प्रमुख भूमि है। बड़े आश्चर्य की बात है कि उक्त खरीद के बाद बागची ने कभी भी भारतीय सेना द्वारा उनकी जमीन पर कब्जे के खिलाफ या किराए की मांग के लिए किसी अदालत का रुख नहीं किया। 90 साल बाद अचानक प्रदीप बागची आए और जगतबंधु टी एस्टेट के डायरेक्टर दिलीप कुमार घोष को जमीन बेच दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह संदेह पैदा करता है। रिकॉर्ड के मुताबिक, उक्त भूमि मौजा मोरहाबादी, थाना संख्या 192 और वार्ड 21 के अंतर्गत स्थित है। जो एमएस प्लॉट संख्या 557 के रूप में दर्ज है।

### आलोक रंजन गया जेल

रांची : जेल में बंद पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। ईडी ने कोर्ट के आदेश के बाद आलोक रंजन से एक दिन पूछताछ की। जानकारी के मुताबिक इस पूछताछ में आलोक रंजन ने कई अहम खुलासे किये हैं। आज शुक्रवार सुबह ईडी की टीम उसे लेकर ईडी के स्पेशल न्यायाधीश के समक्ष पहुंची जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। ईडी ने मंगलवार देर शाम उसे गिरफ्तार किया था। इससे पहले ईडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति के मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

**बाहर से बिजली खरीद कर आपूर्ति करें, पैसा लगता है तो लगने दें, जनता को बिजली अबाधित रूप से मिलती रहे**

# बिजली संकट पर सीएम सोरेन ने किया हस्तक्षेप 600 मेगावाट अतिरिक्त बिजली की होगी खरीदारी

**वरीय संवाददाता, रांची।**

भीषण गर्मी के कारण झारखंड में लगातार बिजली की मांग बढ़ती जा रही है। मंगलवार से राज्य में लगातार लोड शेडिंग कर बिजली की आपूर्ति हो रही थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे गंभीरता से लिया है। उन्होंने ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार से बिजली के बाबत पूरी जानकारी ली। ऊर्जा सचिव द्वारा बताया गया कि 300 से 400 मेगावाट तक अतिरिक्त बिजली की मांग बढ़ गयी है, जिसके कारण लोड शेडिंग करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहर से बिजली खरीद कर आपूर्ति करें। उन्होंने कहा कि अगले तीन महीने की प्लानिंग के साथ 600 मेगावाट बिजली खरीदें। पैसा लगता है तो लगने दें। पर बिजली कटौती न हो।




### डिमांड बढ़ने के बाद जारी है लोड शेडिंग

गर्मी के चलते बिजली की खपत अप्रैल में 2000 मेगावाट से 2700 मेगावाट तक पहुंच गयी है। जबकि जेबीवीएनएल के पास वर्तमान में 2200 से 2300 मेगावाट तक ही उपलब्धता है। अभी भी 300 से 400 मेगावाट की कमी दर्ज की जा रही है। इसके कारण शुक्रवार को भी लोड शेडिंग जारी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में 5-8 घंटे की शेडिंग चल रही है।

### 140 मेगावाट अतिरिक्त बिजली पावर एक्सचेंज मिली, 600 मेगावाट के लिए भेजा गया डिमांड

सीएम से निर्देश मिलते ही ऊर्जा सचिव सह सीएमडी झारखंड ऊर्जा विकास निगम अविनाश कुमार ने झारखंड बिजली वितरण निगम को अविलंब 600 मेगावाट बिजली खरीदने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगले तीन महीने की प्लानिंग के साथ 600 मेगावाट बिजली खरीदें। शुक्रवार की शाम तक 140 मेगावाट अतिरिक्त बिजली पावर एक्सचेंज मिली। बताया गया कि 600 मेगावाट बिजली उपलब्ध नहीं है। पर जेबीवीएनएल द्वारा डिमांड भेज दिया गया है। जैसे-जैसे बिजली मिलती जायेगी, आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। जेबीवीएनएल को विंड पावर से मिलने वाली करीब 150 मेगावाट बिजली नहीं मिल रही है। सोलर एनर्जी से भी 40 मेगावाट तक बिजली नहीं मिल रही है। बाढ़ से मिलने वाली 80 मेगावाट बिजली नहीं मिल रही है। राजधानी के तीनों ग्रिड को शुक्रवार को फुल लोड बिजली मिली। इसके बाद भी लोग पावर कट से परेशान रहे। लोकल फॉल्ट ने पावर कट की समस्या को बढ़ा दिया है। बीती रात से लेकर दोपहर तक रांची के कई क्षेत्रों में लोकल फॉल्ट के कारण बिजली आ-जा रही है। इसके कारण गर्मी में लोगों को जीना मुहाल हो रहा है। लगातार अंतराल में पावर कट चल रहा है।

# पूर्व मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित 41 को नोटिस

## सचिवालय घेराव मामले में पूछताछ के लिए थाना तलब

**वरीय संवाददाता, रांची।**

प्रदेश भाजपा नेताओं की ओर से 11 अप्रैल को सचिवालय घेरो प्रदर्शन के मामले में स्थानीय धुर्वा थाना पुलिस ने शुक्रवार को तीन पूर्व मुख्यमंत्री के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक प्रकाश सहित 41 लोगों को नोटिस जारी किया है। पुलिस ने 22 अप्रैल को थाना पर तलब किया है।

दरअसल, भाजपा ने 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान जमकर उपद्रव और पत्थरबाजी हुई थी। इस घटना को लेकर धुर्वा थाने में कार्यपालक दंडाधिकारी उपेद्र कुमार की बयान पर 41 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। नामजद लोगों में तीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास और सांसद दीपक प्रकाश का नाम शामिल है। इन लोगों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेर्शों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप हैं।

### इन लोगों को बनाया आरोपी

धुर्वा थाने में दर्ज प्राथमिकी में नामजद भाजपा नेताओं में सांसद संजय सेठ, सुनील कुमार सिंह, समीर उरांव, निशिकांत दुबे, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक अमीत मंडल, विधायक विरंची नारायण, श्यामनंदन ओझा, आरती कुजूर, अमीत कुमार, प्रदीप मुखर्जी, विकाश कुमार पाण्डेय, शत्रुघ्न सिंह, दिलीप कुमार सिंह, अनीता सोरेन, कुमकुम देवी, मुनचुन राय, कामेश्वर सिंह, उमेश यादव, अमित भैया उर्फ अमित कुमार, बिरेंद्र यादव, कमलेश राम, ललित ओझा, नीलम चौधरी, केके गुप्ता, साधु मांझी, कुलवंत सिंह बिंटी, विमल मरांडी, अशोक कुमार, आनंद यादव, रमेश सिंह, त्रिलोचन कुमार पासवान, रमेश नाथ तिवारी, संजु पाण्डेय, संजीव कुमार सिंह, अमर नाथ कुमार सिंह, ब्रजकांत केसरी, दीपक बडाईक और गुंजन यादव के नाम शामिल हैं।

# पंचायत सचिवालयों को हेमंत सरकार की सौगात, हर महीने मिलेंगे 15 हजार रुपये

- कांके प्रखंड के हुन्दूर पंचायत की मुखिया रनजनी देवी पंचायत सचिवालय में झाड़ू लगाने पर विवश।
- पंचायत सचिवालय का रोजाना खुलना है चुनौती।
- फंड का ना हो दुरुपयोग।

**संवाददाता, रांची।**

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने पंचायत सचिवालय को नई सौगात दी है। राज्य के 4 हजार 345 सचिवालयों को हर माह खर्च के लिये अब सरकार राशि देगी। पंचायती राज विभाग ने सभी पंचायत सचिवालयों को प्रति माह 15 हजार रुपये देने का निर्णय लिया है। इसको लेकर प्रति वर्ष 80 करोड़ रुपया का प्रावधान किया गया है।

ज्यादातर पंचायतों के सचिवालय खुलते नहीं। जो खुलते है वहां जन प्रतिनिधि से लेकर सरकारी कर्मी तक के दर्शन दुर्लभ हैं। जन प्रतिनिधियों के कमरे पर ताला बंद, पंचायत सचिवालय के कर्मियों के कमरे पर ताला बंद मिलता है। यही पंचायत सचिवालय की हकीकत है। कुछ जन प्रतिनिधि तो ऐसे है जो खुद झाड़ू लगाने के लिये विवश हैं। कांके प्रखंड के हुन्दूर पंचायत की मुखिया रनजनी देवी कहती है कई बार वो खुद झाड़ू लगा लेती हैं। रोजाना काम करने वाली महिला प्रति दिन का 400 रुपया मांगती हैं। उनके पास इतने पैसे नहीं हैं। पैसे के अभाव में अब तक पंचायत सचिवालय भवन में उनका नाम भी नहीं लिखा जा सका है।


हेमंत सोरेन की फाईल फोटो।

कार्यालय में पेन-पेंसिल और कागज का खर्च भी वो खुद वहन करती हैं। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती पंचायत सचिवालय का रोजाना खुलना है। अब तक किसी भी सरकार ने पंचायत सचिवालय के लिये कोई फंड तय नहीं किया था लेकिन अब पंचायती राज विभाग ने पंचायत सचिवालय की रौनक लौटाने के लिये बड़ा निर्णय लिया है। पंचायती राज विभाग की निदेशक निशा उरांव के अनुसार राज्य के सभी 4 हजार 345 पंचायत सचिवालय को प्रति माह 15 हजार रुपया देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिये प्रति वर्ष 80 करोड़ रुपये का प्रावधान भी कर दिया गया है।

विभाग का आदेश मिलने के बाद पंचायत सचिवालय के द्वारा बैंक खाता खोलने का काम शुरू हो चुका है। पंचायत सचिवालयों को प्रति माह मिलने वाली इस राशि को साफ-सफाई से लेकर इंटरनेट सुविधा और गार्ड रखने सहित कई दूसरे काम में किया जा सकता है। विभाग का लक्ष्य पंचायत सचिवालय को सुदृढ करना है क्योंकि सरकार को पता है कि यहीं से सभी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सकता है।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से मिले रांची के सांसद संजय सेठ


केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात करते सांसद संजय सेठ। ● द फोटोन न्यूज

**संवाददाता, रांची।**

स्थानीय सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना प्रसारण, खेलकूद एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर से शुक्रवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद सेठ ने उन्हें रांची सहित झारखंड के विभिन्न बिंदुओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। सेठ ने मंत्री ठाकुर को सांस्कृतिक महोत्सव में आने का आमंत्रण भी दिया।

केंद्रीय मंत्री को दिए गए ज्ञापन में सांसद सेठ ने डीडी झारखंड, खेल गांव सहित पत्रकारों के कल्याण पर ध्यान आकर्षित किया। अपने ज्ञापन में सांसद ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राजधानी रांची में स्थित खेलगांव एशिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स कंपलेक्स है। परंतु इसका पूरी तरह सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। यहां पर केंद्रीय खेल विश्वविद्यालय खोलने की योजना पर काम होना चाहिए। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण शिविर यहां आयोजित किए जाने चाहिए।

सांसद ने ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया कि आजादी के अमृतकाल में झारखंड दूरदर्शन के द्वारा राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों सहित सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तित्व के जीवन की पटकथा का प्रसारण क्षेत्रीय भाषाओं में होना चाहिए। ताकि लोग अपने राज्य की महान विभूतियों के वीर गाथाओं से अवगत हो सकें। सांसद ने अपने पत्र में कहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी संख्या में पत्रकार काम करते हैं। कई बार उनका काम जोखिम भरा होता है। ऐसे पत्रकारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा, उनके परिवार का स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाएं उन्हें मुहैया कराने की दिशा में काम करना चाहिए।

## 2024 का लोकसभा चुनाव देश की दशा और दिशा तय करेगा : अविनाश पांडेय

**संवाददाता, खूंटी।**

2024 का लोकसभा चुनाव एक निर्णायक चुनाव होगा, जो देश के भविष्य की दशा और दिशा तय करेगा। ने वाला है। हमें आज ही से दिल्ली में बैठी अलोकतांत्रिक सरकार को सिर्फ न उखाड़कर फेंकना है, बल्कि इस देश में लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली एक मजबूत लोकतांत्रिक और संविधान पर विश्वास करते हुए देश की जनता को सुरक्षा देनेवाली सरकार बनानी है। ये बातें कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने कही।

पांडेय शुक्रवार को खूंटी क्लब में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम अभियान को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। अविनाश पांडेय ने कहा कि देश में नफरत फैलाने वाली शक्तियों से हमारी लड़ाई चल रही है, जिसका नेतृत्व राहुल गांधी कर रहे हैं। वे इस कार्यक्रम के माध्यम से लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने निकले है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने देश में नफरत के माहौल को समाप्त करने के लिए


कार्यक्रम में संबोधित करते मुख्य अतिथि अविनाश पाण्डेय व उपस्थित अन्य। ● द फोटोन न्यूज

कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 किमी की पैदल यात्रा की। इससे भाजपा की बेचैनी बढ़ गयी और केंद्र में बैठी सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए राहुल गांधी पर सीधा हमला कर दिया। संविधान को दरकिनार कर राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म कर दी। अविनाश पांडेय ने कहा कि केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी की सरकार राहुल गांधी से डर गयी है।

उन्होंने कहा कि संसद में अडाणी मुद्दे पर राहुल गांधी के पूछे गये सीधे सवाल से सरकार घबरा गयी और सवालों का जवाब देने के बदले केंद्र सरकार जनता का ध्यान भटकाने में जुट गयी। उन्होने केंद्र में बैठी सरकार को तानाशाह करार देते हुए कहा कि सरकार तानाशाही के माध्यम अघोषित आपात्काल लागू करना चाहती है और लोकतंत्र की हत्या करने पर तुली है। कांग्रेस पार्टी सरकार के मंसूबे को कभी सफल होने नहीं देगी। उन्होने कहा कि राहुल गांधी देश की जनता की आवाज उठाते रहेंगे।

कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा, पीटर मुंडू, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा आदि ने संबोधित किया।

श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटरः मुरहू स्थित शेर सक्सेस कोचिंग सेंटर में भारतीय संविधान के निमार्ता तथा ज्ञान के प्रतीक डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को ज्ञान दिवस के रूप में धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई।

## भाजपा कार्यकर्ता मुकदमों और गोली बंदूक से डरने वाले नहीं : दीपक प्रकाश

**संवाददाता, रांची।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के आंदोलनों एवं जनाक्रोश से हेमंत सरकार डरी हुई है, सहमी हुई है।

उन्होंने कहा कि पार्टी के नेताओं पर एवं लोकतांत्रिक आंदोलन के माध्यम से जनविरोधी नीतियों का विरोध करने वाली जनता पर लाठी, गोली बरसा कर, पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग करते हुए मुकदमा दायर कर भयभीत करना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपने खिलाफ बोलने वालों पर सिर्फ मुकदमे ही नहीं करवा रही बल्कि सैकड़ों कार्यकताओं की हत्या भी करवा चुकी है। राज्य में माफिया दलाल और अपराधियों का गिरोह सरकार के संरक्षण में आतंक मचा रखा है।


दीपक प्रकाश की फाईल फोटो।

उन्होंने कहा कि यह सरकार अपराधियों को पकड़ने, कारवाई करने में नाकाम है लेकिन अपने विरोधियों को राष्ट्रद्रोही बताने में नहीं चूकती है। भाजपा राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता की भावनाओं की अभिव्यक्ति है। भाजपा की आवाज जनता की आवाज है।

उन्होंने कहा कि एक सशक्त विपक्ष की भूमिका में जनता की भावनाओं के अनुरूप लोकतांत्रिक आंदोलन करना अपराध है तो भाजपा ऐसा अपराध करती रहेगी।

## अमित शाह ने दक्षिणेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना

**एजेंसी, कोलकाता।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बीरभूम में जनसभा करने के बाद कोलकाता लौटकर दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा पाठ की। पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक उन्हें शनिवार को दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करना था लेकिन उस दिन पहला बैसाख यानी बांग्ला नववर्ष होने की वजह से भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद थी। इसे लेकर तृणमूल ने सवाल खड़ा किया था और कहा था कि ऐसे समय में अमित शाह का दक्षिणेश्वर मंदिर दौरा अव्यवस्था सृजित कर सकता है। इसके बाद अमित शाह ने अपना कार्यक्रम बदला और शुक्रवार शाम को ही दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना का कार्यक्रम तय किया। उसी के मुताबिक बीरभूम की सभा संपन्न कर अमित शाह


दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करते अमित शाह। ● एजेंसी

दक्षिणेश्वर मंदिर पहुंचे और वहां मां काली की पूजा की है। यहां अमित शाह का स्वागत भाजपा नेता और मंदिर के पुजारियों ने किया। केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे को केंद्र पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था थी। अधिक संख्या में हावड़ा पुलिस की टीम भी तैनात की गई थी।

भारी सुरक्षा घेरे में अमित शाह मंदिर परिसर में पहुंचे और पूजा अर्चना करने के बाद गाड़ी में बैठकर कोलकाता के वेस्टिन होटल के लिए रवाना हो गए।

पार्टी नेताओं संग बैठकः इसी होटल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी नेताओं के संग बंद कमरे में बैठक शुरू की है। यहां प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के अलावा भाजपा के नेताओं ने उनका स्वागत किया है। होटल के कमरे में सांगठनिक बैठक हो रही है। इसमें पार्टी के कई विधायक सांसद और प्रभारी मौजूद हैं। भाजपा सूत्रों ने बताया है कि पिछले पंचायत चुनाव में जीत दर्ज करने वाले पार्टी नेताओं से प्रदेश नेतृत्व का संपर्क बेहतर नहीं होने और तालमेल की कमी को लेकर शाह ने नाराजगी जताई।

उल्लेखनीय शुक्रवार की जनसभा से केंद्रीय गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज किया है। उन्होंने राज्य में कम से कम 35 सीटें जीतने का आह्वान किया है।

### धामी ने सीडीएस जनरल विपिन रावत की प्रतिमा अनावरण एवं स्मारक का किया लोकार्पण, कहा


## सैन्य सेवा मात्र रोजगार का नहीं, जीवन समर्पण का उत्कृष्ट अवसर

**एजेंसी, देहरादून।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कनक चौक में 50 लाख की लागत से देश के पहले सीडीएस जनरल पद्म विभूषण बिपिन रावत की प्रतिमा और स्मारक स्थल का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनरल विपिन रावत की स्मृति को चिरस्थायी बनाये के लिये किसी बड़ी परियोजना को उनके नाम पर रखा जाएगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सीडीएस जनरल विपिन रावत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी भरपाई कभी संभव नहीं है। यह भव्य प्रतिमा और स्मारक स्थल जनरल रावत के शौर्य, अदम्य साहस और वीरता का स्मरण कराने के साथ ही युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना के गौरवमयी इतिहास में उत्तराखण्ड के सैनिकों का विशिष्ट योगदान रहा है। सैन्य सेवा हमारे लिये मात्र रोजगार का अवसर नहीं, वरन देश एवं समाज के लिये जीवन समर्पित



सीडीएस जनरल विपिन रावत की प्रतिमा अनावरण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● एजेंसी

करने का उत्कृष्ट अवसर भी है। स्व. जनरल बिपिन रावत की मातृभूमि के लिए चार दशकों की निस्वार्थ सेवा असाधारण वीरता और रणनीतिक कौशल से परिपूर्ण थी। जीवन के अंतिम दिन तक वे केवल और केवल देश के लिए ही जीए। उनका सेनाध्यक्ष व प्रथम सीडीएस बनना ,ये स्पष्ट दशार्ता है कि वे कितने योग्य जनरल थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान उनका मार्गदर्शन सैनिकों के बहुत काम आया। उनके अनुकरणीय योगदान और प्रतिबद्धता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। उनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने वीरता के नए नए प्रतिमान स्थापित किए। देश के साथ-साथ उत्तराखंड से भी उनका बड़ा लगाव था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सैनिकों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। देहरादून के गुनियाल गांव में प्रदेश के शहीदों की शहादत स्मृतियों को यादगार बनाने के लिये भव्य ह्लशौर्य स्थलह्व (सैन्य धाम) का निर्माण किया जा रहा है। इस साल के अंत तक इसे पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड राज्यधीन सेवाओं में शहीद सैनिक के आश्रितों को जिलाधिकारी कार्यालय में समूह ग अथवा घ में अभी तक करीब 23 आश्रितों को नियुक्ति दी जा चुकी है। साथ ही विभिन्न युद्धों व सीमान्त झड़पों और आंतरिक सुरक्षा में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं व आश्रितों को एकमुश्त दस लाख का अनुग्रह अनुदान भी अनुमन्य किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से युद्ध विधवा या युद्ध में अपंग सैनिकों को दो लाख रुपए तक की आवासीय सहायता और सैनिक विधवाओं की पुत्री व पूर्व सैनिकों की अनाथ पुत्रियों के विवाह के लिए एक लाख का अनुदान देने की भी व्यवस्था की गई है।

इस मौके पर मंत्री गणेश जोशी व विधायक खजान दास ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सीडीएस जनरल रावत की प्रतिमा और स्मारक स्थल का निर्माण एमडीडीए की ओर से लगभग 50 लाख की लागत से किया गया है।

कार्यक्रम में सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह,मेयर सुनील उनियाल गामा,जेओसी संजीव खत्री, उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए बंशीधर तिवारी, मे.ज.जी.एस. रावत, मे.ज. आनन्द सिंह रावत, जनरल विपिन रावत की दोनों पुत्रियां कृतिका, तारिणी, सेना के अधिकारी एवं जवानों के साथ बड़ी संध्या में लोग मौजूद थे।

## ब्रीफ न्यूज

### प्रतिबंधित पीएलएफआई के एरिया कमांडर के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार

**पश्चिम सिंहभूम :** जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में दहशत का पर्याय बन चुके प्रतिबंधित पीएलएफआई के एरिया कमांडर लंबू उर्फ राडुंग बोदरा उर्फ टीरा बोदरा के घर जिकिलता में बंदगांव पुलिस ने इश्तहार चिपकाया है। बंदगांव थाना प्रभारी मनोज कुमार ने उसके परिवार के सदस्यों से अपील की है कि लंबू का आत्मसमर्पण कराएं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि अगर नक्सली आते हैं, तो उसकी सूचना पुलिस को दें।

### शाह पर तृणमूल का पलटवार : बंगाल में भाजपा को नहीं मिलेगी एक भी सीट

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा पर सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने पलटवार किया है। शाह ने राज्य में 42 में से कम से कम 35 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस पर पलटवार करते हुए तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा है कि बंगाल में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी से लेकर अमित शाह तक भाजपा के सभी बड़े नेताओं ने डेरा डाल दिया था लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात रहे। वहीं लोकसभा चुनाव में होगा। पार्टी को एक भी सीट नहीं मिलेगी। इधर, केंद्रीय गृह मंत्री के बंगाल आने से पहले पार्टी की ओर से पार्थ भौमिक, महुआ मैत्रा ने गुरुवार को तृणमूल भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अमित शाह से पांच सवाल किए। शाह ने इस दिन उन सभी मुद्दों को टाल दिया।

### गृहमंत्री अमित शाह आज भरतपुर से करेंगे विजय अभियान का आगाज

**जयपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज को भरतपुर से भारतीय जनता पार्टी के विजय अभियान का आगाज करेंगे। वे यहां राजस्थान भाजपा की ओर से आयोजित बूथ अध्यक्ष संकल्प महासम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके अलावा लोकसभा प्रवास योजना कार्यक्रम में दौसा और नागौर जिले के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक लेंगे। कार्यक्रम को प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर भी संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि भरतपुर संभाग में 4700 बूथ और 1600 शक्ति केन्द्र है। इसी के साथ शक्ति केन्द्रों पर भी कार्यकर्ता तैनात है। इन बूथों पर कार्यकताओं ने सुदृढ़ एवं स्थायी रूप से शानदार काम किया है, जिससे प्रत्येक बूथों को मजबूती प्रदान दी जा चुकी है। भरतपुर संभाग में कार्यकर्ता जी जान से संगठन के कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। बूथ स्तर तक के करीब 25 हजार जिम्मेदार कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भरतपुर संभाग में नवमतदाता अभियान, युवा मोर्चा के प्रशिक्षण वर्ग, एक साथ सभी मंडलों में कमलोत्सव कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किये जा चुके हैं। जिलों में जन आक्रोश महाघेराव की शुरूआत भी भरतपुर से ही हुई थी। एससी-एसटी एवं ओबीसी समाजों के बीच विशेष सामाजिक संपर्क भी पूर्ण हो चुका है। शर्मा ने बताया कि प्रदेश में चुनावों की दस्तक का आगाज हो चुका है और गृहमंत्री अमित शाह राजस्थान के पूर्वी सिंहद्वार भरतपुर से विजयी अभियान की शुरूआत करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय गृहमंत्री शनिवार दोपहर एक बजे हैलीकॉप्टर से भरतपुर पहुंचेंगे। हैलीपैड से महासम्मेलन स्थल कॉलेज ग्राउंड तक पारम्परिक रूप से शानदार स्वागत किया जाएगा। स्वागत के मद्देनजर चौराहों को केसरिया रंग से सजाया गया है। सड़क के दोनों ओर भाजपा के झंडे, बैनर व होर्डिंग्स सज गए हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने किया रोड शो, राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे खड़े हजारों लोगों ने किया अभिवादन

**गुवाहाटी :** गुवाहाटी के शंकरदेव कलाक्षेत्र के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद शुक्रवार शाम सोरुसजाई स्टेडियम में आयोजित बिहू समारोह में शामिल होने के लिए जाते समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई किमी लंबा रोड शो किया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ सभी उम्र के महिला-पुरुषों ने हाथ हिलाकर प्रधानमंत्री का अभिवादन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अपनी कार के दरवाजे पर खड़े होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, सुरक्षा कर्मियों के साथ प्रधानमंत्री की कार के साथ पैदल चलते हुए हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते नजर आए। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे घरों की छतों पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत में हाथ हिलाकर अभिवादन करते देख प्रधानमंत्री भी गदगद नजर आए।

### पशुधन क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा का अहम अंग : रूपाला

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा कि भारत पशुधन से सम्पन्न देश है। यहां विविध पशु प्रजातियां पाई जाती हैं। पशुधन क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में पशुधन के स्वास्थ्य की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता में शामिल है। रूपाला ने शुक्रवार को राष्ट्रीय वन हेल्थ मिशन के तत्वाधान में ह्यपशु महामारी तैयार पहल ( एपीपीआई )ह्व व विश्व बैंक की ओर से वित्तपोषित वन हेल्थ के लिए पशु स्वास्थ्य प्रणाली सहायता ( एएचएसएसओएच ) परियोजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि सरकार पशुओं में जूनोटिक बीमारियों से उत्पन्न खतरों के प्रति भी संवेदनशील है। पशु महामारी तैयारी पहल हमारे पशु संसाधनों की रक्षा करने और हमारे लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए एक सक्रिय कदम है। उल्लेखनीय है कि पशुपालन और डेयरी विभाग ने एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए एक बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली के लिए एक इकोसिस्टम का सृजन करने के लक्ष्य के साथ विश्व बैंक के साथ वन हेल्थ के लिए पशु स्वास्थ्य प्रणाली सहायता ( एएचएसएसओएच ) पर एक सहयोगी परियोजना पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना को पांच राज्यों में कार्यान्वित किया जाएगा और इसमें पशु स्वास्थ्य और रोग प्रबंधन से जुड़े हितधारकों के क्षमता निर्माण में सुधार लाने की परिकल्पना की गई है। इस परियोजना में मानव स्वास्थ्य, वन और पर्यावरण विभाग द्वारा राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर सहभागिता व स्थानीय स्तर पर भी समुदाय भागीदारी सहित एक स्वास्थ्य ढांचे का सृजन करने और उसे सुदृढ़ बनाने की बात की गई है।

### अहमदाबाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का समाजशक्ति संगम कार्यक्रम

**अहमदाबाद :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को वस्त्रापुर इलाके के जीएमडीसी मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का समाजशक्ति संगम कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण में समाज कैसे अपना योगदान दे सकता है, इस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। संघ प्रमुख ने कहा कि समाज मजबूत होना चाहिए। कोई एक व्यक्ति या पार्टी या अवतार देश को महान नहीं बना सकता। सिंहासन पर बैठने वाले को एक-एक कदम आगे देखना होता है। संघ शाखा में आयें और पात्र बनें। संघ का कार्यकर्ता समाज को आवश्यक बनाने और चलाने का काम करता है। शाखा में सब नहीं जा सकते लेकिन हर किसी में कोई न कोई खूबी होती है। सबके पास कोई न कोई काम है। देश भक्ति जरूरी है। कोई पूछे तो जाति और भाषा बता देते हैं। विविधता अब देश में विशिष्टता बन गई है। हमें भेदभाव को दूर करना चाहिए और समझना चाहिए कि हम भारत माता के पुत्र हैं। हम पहले भारतीय हैं। हम हिन्दू हैं। यदि कोई हिन्दू नहीं, भारतीय कहता है तो यह पर्यायवाची है। दो दिवसीय गुजरात दौरे आए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आज डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का आज जन्मदिन मनाया जा रहा है। देश से सारे भेद खत्म हो जाए, इस कार्य के लिए उन्होंने अपनी सारी संपत्ति, प्रतिभा लगा दी उन्हें हम याद करते हैं। हर महीने की 14 तारीख को बदलाव की तारीख होती है। सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में भ्रमण करता है।

## ब्रीफ न्यूज

### शादी का झांसा देकर संबंध बनाने के आरोप में युवक पर एफआईआर दर्ज

**रांची :** अरगोड़ा थाना में एक युवती ने शादी का प्रलोभन देकर संबंध बनाने और मारपीट कर पैसे मांगने का आरोप जयकरण पर लगाया है। इस संबंध में युवती ने शुक्रवार को थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार युवक युवती की दोस्ती फेसबुक के माध्यम से हुई थी। इसके बाद दोनों की दोस्ती गहरी हो गई। शादी का झांसा देकर लड़के ने संबंध भी बनाए। लेकिन शादी की बात करने पर लड़का मुकर जाता था। इसके बाद लड़की ने थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या, एक हिरासत में

**रांची :** नगर के लापुंग इलाके में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त सारंगलोया गांव निवासी नामजन बारला के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। लापुंग थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला प्रेम प्रसंग में युवक की धारदार हथियार से हत्या करना प्रतीत होता है। प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। प्रभारी ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### ग्रामीण एसपी ने एएसपी, डीएसपी और थानेदारों को किया सम्मानित

**रांची :** कचहरी रोड़ में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को ग्रामीण एसपी ने क्राइम कंट्रोल के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें ग्रामीण जिला के सभी डीएसपी और थानेदार शामिल थे। बैठक में सरहुल और रामनवमी को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी पुलिसकर्मियों का हौसला बढ़ाया गया। ग्रामीण एसपी ने कई पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में पुलिस काफी बेहतर काम कर रही है। ईद को देखते हुए एसपी नौशाद आलम ने कई दिशा निर्देश दिया। एसपी ने जमीन विवाद को लेकर होने वाले घटनाओं पर अंकुश लगाने और जमीन विवाद के मामलों का निष्पादन में आ रही समस्याओं को ठीक करने का आदेश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची के द्वारा जमीन विवाद से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर कार्रवाई करने की बात कही। पिछले 02 वर्षों में जेल से छूटे अपराधकर्मियों का सत्यापन करने का आदेश दिया। जुआ और शराब के अड्डेबाजी पर छापामारी करने का भी आदेश दिया गया। सम्मान पाने वाले पुलिसकर्मियों में एएसपी मुमल राजपुरोहित, खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी, नामकुम थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, ठाकुरगांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली, अनगड़ा थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार, खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम, मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह शामिल हैं।

### महिला पर गाली गलौज करने का आरोप

**रांची :** सदर थाना क्षेत्र स्थित खोरहा टोली में रहने वाले आसरेन तिग्गा ने महिला ललीता तिग्गा पर आरोप लगाय है कि उसने दो युवक सुशांत तिग्गा और नवीन तिग्गा के साथ गाली गलौज किया है। दोनों युवकों के द्वारा कोई मारपीट की घटना को अंजाम नहीं दिया गया है। जबकि महिला ने गुरूवार को दोनों युवक पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।


atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24, Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776


फोटो : द फोटोन न्यूज



# चुटिया में आयोजित मंडा पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अदिवासियों का प्रमुख त्योहार मंडा पूजा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रांची के चुटिया स्थित मंदिर परिसर में मंडा पूजा का अनुष्ठान शुक्रवार को जारी रहा। इस दौरान भोक्ताओं की श्रद्धा पर लोगों ने शीश नवाया। देर रात तक मंदिर परिसर गूंजायमान रहा। आस्था का सैलाब देखते ही बन रहा था।**

# हाईकोर्ट ने जैक से पूछा- कब होगी जेटेट की परीक्षा

**विशेष संवाददाता, रांची।**

झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में शुक्रवार को झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) के आयोजन को लेकर दाखिल सूरज बिहारी मंडल सहित 20 याचिकाकताओं की ओर से दाखिल याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने जैक (झारखंड शैक्षणिक परिषद) के समय देने के आग्रह को स्वीकार करते हुए चार सप्ताह में शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने जैक से पूछा है कि कब तक जेटेट की परीक्षा ली जाएगी, यह स्पष्ट करें। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2022 में राज्य सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति के लिए पहल शुरू की है। प्रारंभिक शिक्षा सहायक आचार्य संवर्ग नियुक्ति प्रोन्नति सेवा शर्त नियमावली 2022 के तहत यह परीक्षा ली जाएगी। इस नियमावली के तहत वही लोग सहायक आचार्य पद पर आवेदन कर सकेंगे, जो जेटेट पास है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2016 के बाद जेटेट परीक्षा नहीं ली गई है। इसलिए राज्य सरकार को निर्देशित किया जाए कि कोई भी शिक्षक नियुक्ति करने से पहले जेटेट परीक्षा आयोजित कर लिया जाए। यदि जेटेट परीक्षा कराना संभव नहीं है तो सीटेट पास अभ्यर्थियों को भी शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति दी जाए।

### रतन हाइट्स मामले में सुनवाई अब 19 अप्रैल को

रांची : रतन हाइट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में अब 19 अप्रैल को होगी। यह मामला गुरुवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सूचीबद्ध था। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस पूरी हो गई है, प्रतिवादियों की ओर से अब बहस होनी है। कोर्ट ने 46 कट्ठा पर बनाए जाने वाले जी प्लस 5 के भवन के निर्माण कार्य पर रोक जारी रखा है। पिछली सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि बिल्डर ने 86 कट्ठा का नक्शा रिवाइज कराए बगैर फिर से नया नक्शा पास कर दिया। 46 कट्ठा पर नया नक्शा पास कराया गया है, जो गैरकानूनी है। प्रार्थी की ओर से सुमित गड़ोदिया, रोहित रंजन सिन्हा एवं रांची नगर निगम की ओर से शशांक शेखर पैरवीकार हैं।

## राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम उत्तर प्रदेश रवाना



अंडर-17 सब जूनियर बालक/बालिका की झारखंड कुश्ती टीम • फोटोन न्यूज

**वरीय संवाददाता, रांची।**

अंडर-17 सब जूनियर बालक/बालिका राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 2023 के लिए झारखंड कुश्ती टीम शुक्रवार को गोंडा, उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुई। 15 से 18 अप्रैल तक नंदिनी नगर उत्तर प्रदेश में आयोजित अंडर-17 सब जूनियर बालक फ्री स्टाइल/ग्रीको रोमन स्टाइल एवं बालिका राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। झारखंड राज्य अंडर-17 सब जूनियर, कुश्ती टीम के सदस्यों को झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, महासचिव रजनीश कुमार, आईएएस के रवि कुमार, भोला नाथ सिंह, नीरज कुमार पांडे, अजीत सिंह व मधु तिर्की ने शुभकामनाएं दी।

## ऑल इंडिया ओपन आमंत्रण कराटे चैंपियनशिप 13 मई से रांची में

**रांची :** रांची का खेलगांव 700 कराटे खिलाड़ियों के साथ गुलजार होगा। आगामी 13 और 14 मई को रांची के हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल झारखंड की मेजबानी में ऑल इंडिया ओपन आमंत्रण कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देशभर से लगभग 700 कराटे खिलाड़ी और 50 पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है। इस प्रतियोगिता में एशियन कराटे फेडरेशन के जज की भूमिका भी महत्वपूर्ण रहेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन 13 मई को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी होंगे और विशिष्ट अतिथि के रूप में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव शिहान संजीव जांगरा व कोषाध्यक्ष क्योशी मुतुम बंकिम सिंह शामिल रहेंगे। प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक और सिको कई कराटे डू इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर से कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

# रांची में 20 अप्रैल तक छाए रहेंगे बादल, हीट वेव से और बढ़ेगी गर्मी

## पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहर, साहिबगंज में बारिश की उम्मीद

**वरीय संवाददाता, रांची।**

रांची में 20 अप्रैल तक बादल छाए रहने का पूवार्नुमान है। वहीं राज्य के उत्तर पश्चिम भागों (पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहर, साहिबगंज) में गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। राज्य में अगले चार दिनों के दौरान तापमान में तीन से चार डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान में आनेवाले सप्ताह के दौरान राजधानी में बारिश होने की उम्मीद नहीं है। इससे शहर में गर्मी और बढ़ेगी। विभाग के मुताबिक इस दौरान पछुआ हवा (हीट वेव) बहेगी, जिससे वातावरण और तेजी से गर्म होगा। राज्य के विभिन्न हिस्सों का तापमान न्यूनतम 25 से लेकर अधिकतम 41 डिग्री तक जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में हाल के दिनों में कोई सिस्टम बनने के संकेत नहीं हैं। देश के पश्चिम से पूर्व तक बनी टर्फ लाइन अब कमजोर हो चुकी है। दक्षिण से यूपी तक बना टर्फ सिस्टम भी अब खत्म हो रहा है। इसके बाद झारखंड के आसपास के वातावरण में सिस्टम नहीं रहने के कारण राज्य में आने वाले दिनों में और गर्मी बढ़ेगी।

## बढ़ती गर्मी में हीट स्ट्रोक के मरीजों के इलाज के लिए सदर अस्पताल में अलग व्यवस्था

### मरीज को रेफर करने की स्थिति में जिला अस्पताल को देंगे अग्रिम सूचना

**रांची :** राजधानी रांची में दो दिनों से तपीश बढ़ने के बाद शुक्रवार का तापमान बढ़कर 37.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिन में 12 बजे के बाद से गर्म हवा भी चलने लगी है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए विभाग ने सिविल सर्जन को हीट स्ट्रोक से बचाव और इलाज को लेकर निर्देश जारी किया है। अस्पताल में स्टाफ, बेड, आईवी फ्लूड, ओआरएस और जरूरी दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। सदर अस्पताल में हीट स्ट्रोक के मरीजों के इलाज के लिए बेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है। जिसके बाद सदर अस्पताल में ही स्ट्रोक के मरीजों के इलाज के लिए 60 बेड रखा गया है। अस्पताल के चौथे तल्ले में ऐसे मरीजों का इलाज किया जाएगा।





अस्पताल के ओपीडी में आने वाले मरीजों के लू के लक्षण की जांच की जाएगी। वहीं ओपीडी में मरीजों के बैठने की उचित व्यवस्था के साथ शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। वार्ड में वाटर कूलर या फिर दूसरे उपाय करने को लेकर भी विभाग के द्वारा निर्देश दिए गए हैं। जिसे लेकर भी तैयारी की गई है।

**लू लगने पर ओआरएस का घोल लें :**

रिम्स मेडिसिन विभाग के एचओडी डा विद्यापति बताते हैं कि लू लगने से उल्टी-दस्त, सिर दर्द, चक्कर आना, थकावट, शरीर में अकड़न, सहित ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। लू लगने पर सबसे पहले जरूरी है कि शरीर में नमक पानी की कमी

#### इन बातों का रखें ध्यान

- सूती कपड़ा, धूप का चश्मा, टोपी पहने। छाता व पानी की बोतल भी साथ रखें।
- चक्कर-मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें।
- शीतल पेय जल का सेवन करें, इसके अतिरिक्त फल का रस, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन करें।
- गर्मी के दिन में ओआरएस का घोल, नींबू पानी, कच्चा आम का रस, मौसमी फल, सलाद का उपयोग करना लाभदायक होता है।

### बिजली घाटा, संसाधनों के विकास, प्रबंधन और स्मार्ट मीटर पर होगा काम

# जेबीवीएनएल को बिजली संसाधनों के विकास के लिए 4200 करोड़ रुपये देगी केंद्र सरकार

**वरीय संवाददाता, रांची।**

राज्य में बिजली आपूर्ति बेहतर करने के लिये राज्य ऊर्जा विभाग और झारखंड बिजली वितरण निगम प्रयासरत है। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से भी ग्रामीण विद्युतिकरण को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जा रहा है। विशेषकर 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिये संसाधनों के विकास और प्रबंधन पर ध्यान दिया जा रहा है। जहां ग्रामीण इलाकों में संसाधनों के विकास और प्रबंधन पर विशेष बल दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने इसके लिये 4200 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। जो झारखंड बिजली वितरण निगम के लिये है। इस राशि का इस्तेमाल आरडीएसएस रिवैम्प डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम योजना के तहत वितरण निगम करेगा। बिजली वितरण निगम योजना को धरातल पर लाने के लिये कार्यरत है।

बिजली घाटा कम करने के लिये 3200 करोड़ः आरडीएसएस के तहत राज्य में संसाधनों के विकास, बिजली घाटा कम करने, प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने पर काम किया जायेगा। केंद्र सरकार से स्वीकृत राशि के अनुसार बिजली घाटा कम करने के लिए संसाधनों के विकास पर 3200 करोड़ और प्री-पेड मीटर पर 800 करोड़ रुपये खर्च किया जाना है। स्कीम के तहत सभी 24 जिलों में बिजली के संसाधनों का विकास किया जाएगा। स्वीकृति 4200 करोड़ रुपए से घाटा कम करने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्रों में बिजली का बेहतर नेटवर्क स्थापित किया जायेगा। जानकारी हो कि जेबीवीएनएल की ओर से इसक लिये टेंडर प्रक्रिया की जा रही है। 13.41 लाख स्मार्ट मीटर लगेंगेः केंद्र सरकार के आदेश की मानें तो आने वाले कुछ सालों में राज्य में 13.41 लाख स्मार्ट मीटर लगाये जाने है। जो प्रीपेड मोड पर होंगे। फिलहाल राजधानी रांची में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। वहीं, जमशेदपुर, धनबाद में भी स्मार्ट मीटर लगाये जाने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं, राजधानी रांची में स्मार्ट मीटर रिप्लेस किया जा रहा है।

यहां जिन उपभोक्ताओं को नया कनेक्शन में ही स्मार्ट मीटर दिया गया है। उनका मीटर प्रीपेड मोड पर काम कर रहा है।

### रांची के दो श्मशान घाट का 64.76 करोड़ की लागत से होगा सौंदर्यीकरण

**रांची :** कहते हैं आत्मा की शांति के लिए मृत्यु के बाद अंतिम क्रिया-कर्म करना जरूरी है। लेकिन कई बार समुचित व्यवस्था ना हो पाने से इसमें परेशानी होती है। इसी परेशानी को खत्म करने के लिए राजधानी के दो श्मशान को सौंदर्यीकरण होगा। सौंदर्यीकरण 64.76 करोड़ की लागत से किया जाएगा। जिन दो श्मशान घाट का सौंदर्यकरण किया जाएगा वो हेहल का श्मशान घाट और राजाउलातू (सिदरौल) का श्मशान घाट है। इन दोनों श्मशान घाटों का सौंदर्यीकरण का कार्य महीने के अंदर किया जाएगा। दोनों शमशान घाट का सौंदर्यीकरण में कुल 64.76 करोड़ रुपए का लागत आएगा। जिनमें हेहल स्थित शमशान के सौंदर्यीकरण में 45.38 करोड़ और राजाउलातू (सिदरौल) का श्मशान घाट का 19.08 करोड़ की राशि आवंटित का जाएगी। इसे लेकर कार्यपालक अभियंता कार्यालय द्वारा टेंडर जारी किया गया है।

### डेली मार्केट थाना में क्राइम कंट्रोल की हुई बैठक

# होटल में संदिग्ध को देखते ही संचालक पुलिस को देंगे सूचना

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**

शहर में क्राइम कंट्रोल के लिए डेली मार्केट थाना में पुलिस और होटल संचालकों के बीच बैठक हुई। सभी होटल के संचालकों को पुलिस ने आदेश दिया कि होटल में किसी को संदिगध हालत में देखे तो इसकी सूचना पुलिस को तुरंत दें। होटल से अगर कोई अपराधी पकड़ा जाता है और होटल संचालके पास उसका दस्तावेज नहीं रहेगा तो संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होटल संचालकों ने पुलिस को आश्वासन दिया है कि संदिग्ध को देखते ही वह पुलिस को सूचना देंगे। डेली मार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने होटल संचालकों को अपने नियम के दायरे में होटल संचालन का निर्देश दिया। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि होटल में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि होटल में ठहरने वाले लोगों का पहचान के तौर पर पहचान पत्र की छाया प्रति के साथ सम्बंधित व्यक्ति का ब्यौरा अवश्य रखी जाय तथा ठहराने वाले कि पूरी विवरणी थाना में भी दिया जाय। बिना पहचान के किसी भी व्यक्ति को ठहरने न दें। कोई भी संदिग्ध व्यक्ति को होटल में कमरा न दे। मोदक ने कहा कि धनबाद सहित कई जिलों के होटलों में आग लगने की घटना हो चुकी है इसलिये आग से निपटने के लिए भी समुचित व्यवस्था होटल में होनी चाहिए।

मौके पर होटल संचालकों में मुख्य रूप से अमित पांडेय, निर्मल कुमार भारद्वाज, नरेश, सोहैल, मनोज साहू, राहुल गुप्ता, रंजीत प्रसाद सहित कई होटल संचालक बैठक में शामिल थे।

# टपक सिंचाई प्रणाली से खेती कर फूलमनी बनी महिलाओं की आइकॉन

**संवाददाता, खूंटी।**



लगभग दो साल पहले तक जिस महिला को पाई-पाई के लिए तरसना पड़ता था, आज वही महिला अपने गांव की ही नहीं, पूरे क्षेत्र में एक आइकॉन बन गई हैं।

खूंटी जिले के कर्रा प्रखण्ड की गोविंदपुर पंचायत के गुस्सा आंबा टोली गांव की रहनेवाली फूलमनी होरो बताती हैं कि वह अधिक पढ़ी-लिखी नहीं है। इसलिए नौकरी की तो कहीं कोई आस नहीं थी। इसलिए उसने अपना पुश्तैनी धंधा खेती किसानी में ही भाग्य आजमाना शुरू किया, पर इसमें भी इतनी कमाई नहीं हो पाती थी, जिससे परिवार की गाड़ी भी आराम से चल सके और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी हो।

हालांकि कि प्रखंड के कुछ अधिकारियों के कहने पर वह प्रकाश आजीविका सखी मंडल जुड़ गई। समूह में जुड़ने से पहले भी फूलमनी खेती करती थी, लेकिन आमदनी बहुत नहीं थी। वह सिर्फ मानसून के दौरान ही खेती कर पाती थी। पानी की कमी के कारण वह साल भर खेती नहीं कर पाती थी। इसका प्रभाव उसकी आजीविका पर सीधे तौर पर पड़ रहा था। समूह बैठक में कृषि सखी ने फूलमनी को टपक सिंचाई से खेती करने के संबंध में जानकारी दी और इसके लाभ के बारे में भी बताया। जेएसएलपीएस के माध्यम से उसे टपक सिंचाई मशीन की सुविधा मिली। इससे फूलमनी ने अब जाड़ा, गर्मी और बरसात सभी मौसम में खेती करना शुरू कर दिया।

फूलमनी बताती है कि पहले वह परंपरागत तरीके से खेती करती थी, तो उसे काफी समय खेत में गुजारना पड़ता था। मेहनत अधिक करनी पड़ती थी, सिंचाई में भी काफी दिक्कत होती थी और मेहनत और लागत की तुलना में उत्पादन काफी कम होता था। फूलमनी कहती है कि अब टपक सिंचाई से खेती करने से उसे परेशानियों से राहत मिली है। अब वह कम मेहनत, कम पानी, कम लागत और कम समय में अच्छी खेती करती है और अच्छा मुनाफा भी कमाती है। इससे उसके जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ।

इसको देख उसके गांव गुस्स अंबाटोली गांव की और महिलाएं भी उससे प्रेरणा लेने लगी और टपक सिंचाई पद्धति से खेती करना शुरू किया। इसके कारण आज गांव के खेत-बारी हर मौसम में हरे-भरे नजर आते हैं। अब तो उसे अपने विकास की गाथा सुनाने के लिए दूसरे गांव के लोग भी बुलाने लगे हैं।

# साल्वे के जंगल से नक्सलियों के छिपाए हथियार व कारतूस बरामद

**संवाददाता, लातेहार।**

सुरक्षाबलों और जिला पुलिस ने गारू थाना क्षेत्र के साल्वे जंगल में एक सर्च अभियान चलाकर नक्सलियों के छुपाए गए हथियार और गोली आदि बरामद किया है। बरामद हथियारों में एक देशी राइफल, दो देसी कट्टा, दो वॉकी टॉकी व 41 गोलियां समेत कई अर्धनिर्मित विस्फोटक शामिल है।

इस संबंध में शुक्रवार को सीआरपीएफ 214 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद ने बताया कि एक सूचना के आधार पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने संयुक्त रूप से गारू थाना क्षेत्र के साल्वे जंगल में गुरुवार को सर्च अभियान चलाया था। इस सर्च अभियान के दौरान जंगल में जमीन के नीचे दबाकर रखे गए हथियारों और गोली को बरामद कर किया गया है।



बरामद सामान के साथ सुरक्षा बल के जवान। ● द फोटोन न्यूज

उल्लेखनीय है कि गारू थाना क्षेत्र के साल्वे जंगल का इलाका माओवादियों के गढ़ के रूप में जाना जाता है। परंतु इन दिनों बूढ़ा पहाड़ के इलाके के अलावा आसपास के सभी इलाकों में सुरक्षाबलों की बढ़ती सतर्कता और लगातार छापेमारी से नक्सली इस इलाके से भागने को मजबूर हो गए हैं। माना जा रहा है कि भागने के दौरान नक्सलियों ने अपने हथियारों को यहां छिपाया होगा।

# धनबाद में याद किए गए बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर, दी गई श्रद्धांजलि

**संवाददाता, धनबाद।**

संविधान निमार्ता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज आंबेडकर चौक (डीआरएम चौक) पर जिला प्रशासन की ओर से वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर संविधान निमार्ता और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं। यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है।

वहीं उप विकास आयुक्त ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर ने अपना जीवन समाज के पिछड़े वर्गों, दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया। वे एक प्रख्यात अर्थशास्त्री और कानूनविद थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार, जनसंख्या नियंत्रण, यूनिफॉर्म सिविल कोड, मौलिक दायित्व की भी बात की। अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वे आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत हैं। आज पूरा देश बाबा साहेब को उनकी जयंती पर याद कर इस महान विभूति को श्रद्धांजलि दे रहा है।

राज्यभर में बाबा साहब आंबेडकर की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित

# बेहतर समाज निर्माण के मूल आधार हैं बाबा साहब आंबेडकर: अविनाश देव

**संवाददाता, मेदिनीनगर।**

बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। शुक्रवार को संत मरियम स्कूल की सभी शाखाओं में भी बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई ।

इस मौके पर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि हम सभी को इनके अथक संघर्ष, दृढ़ निश्चय और दूरदृष्टि से प्रेरणा लेनी चाहिए। जब हमारा समाज कुछ चंद लोगों के चंगुल में कैद था, वैसे विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के निचले तबकों के संपूर्ण स्वतंत्रता के लिए बाबा साहब ने अथक संघर्ष किया। परिणामस्वरूप आज लोग भी अपनी आवाज को बुलंदी के साथ बोल पाते हैं। उन्होंने कहा कि जब एक ओर हमारे देश में ब्रिटिश हुकूमत कायम थी, वहीं दूसरी ओर शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे संसाधनों पर कुछ विशेष वर्गों का एकाधिकार था। बाबा साहेब ने मुश्किलों में जीवनयापन करते हुए 32 से ज्यादा डिग्रियां हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया था। हम सभी को इनके संघर्ष और विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए तभी एक बेहतर समृद्ध और विकसित भारत का निमार्ण संभव है ।

स्कूल परिसर में भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया । भाषण प्रतियोगिता में अंशु दुबे को प्रथम एवं खुशबू सोनी को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ ।वही पेंटिंग प्रतियोगिता में साक्षी कुमारी , पायल गुप्ता और तेजस्वी राज विजयी घोषित हुए।

# रामगढ़ में प्रदूषण से परेशान हैं लोग, हाई कोर्ट ने जिला प्रशासन से मांगी रिपोर्ट

**संवाददाता, रामगढ़।**

जिले में प्रदूषण बेहद गंभीर मुद्दा है। इस मुद्दे को लेकर अक्सर राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने मुहिम चलाई है। लेकिन आरटीआई एक्टिविस्ट संतोष पाठक ने भी इस मुद्दे पर हाई कोर्ट में पीआईएल किया है।

उनकी पीआईएल पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने रामगढ़ जिला प्रशासन से भी प्रदूषण के खिलाफ की गई कार्रवाई पर रिपोर्ट मांगा है। इस संबंध में संतोष पाठक ने शुक्रवार को बताया कि उनके द्वारा भुरकुंडा रेलवे साइडिंग बरकाकाना, छोटकाकाना रेलवे साइडिंग, पतरातू रेलवे साइडिंग, सेंट्रल सौंदा रेलवे साइडिंग, राज्य सरकार और डेढ़ दर्जन कंपनियों के विरुद्ध हाई कोर्ट में पीआईएल दायर किया गया था। झारखंड हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जिला प्रशासन और पोलूशन कंट्रोल बोर्ड को ओवरलोडिंग और प्रदूषण को रोकने के लिए 11 बिंदुओं पर निर्देश जारी किया था।



जिले में कारखानों से फैलता प्रदूषण। ● द फोटोन न्यूज

जिला टास्क फोर्स ने 27 अप्रैल को एक मुहिम चलाई थी। अब हाई कोर्ट ने अगली तारीख चार मई को सभी कार्यों से संबंधित रिपोर्ट फोटो सहित प्रस्तुत करने को कहा है। संतोष पाठक ने बताया कि सिविल सर्जन कार्यालय से भी आरटीआई के तहत एक सूचना मिली थी, जिसमें बताया गया था कि पोल्यूशन से लोगों को कई बीमारियां होती है, जो जानलेवा साबित हो रही है। इंसान को बीमारियों से बचाने के लिए यह मुहिम चलाई गई है।

# हनुमान मंदिर में 7 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम दिन कलश यात्रा का आयोजन

**संवाददाता, रामगढ़।**

नगर परिषद क्षेत्र के अरगड्डा हनुमान मंदिर में आयोजित 07 दिवसीय श्री श्री 1008 मां काली, मां बंगलामुखी, मां कल्याणी, शनिदेव एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम दिन कलश यात्रा का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य विशिष्ट गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि अरगड्डा जीएम, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेड़िया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित हुए।

मौके पर अतिथियों के द्वारा कलश यात्रा का शुभारंभ विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया। कलश यात्रा का जत्था मंदिर प्रांगण से दामोदर नदी तक गया जिसमें सैकड़ों महिलाएं माथे पर कलश लेकर जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।



कलश यात्रा में शामिल चंद्रप्रकाश चौधरी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

दामोदर नदी में पुजारियों द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर कलश में जल भरकर पुनः मंदिर की ओर प्रस्थान किये। मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि मंदिर में हर वर्ष पूरी निष्ठा और भक्ति भाव से भगवान की पूजा अर्चना की जाती है। आयोजन से सारा वातावरण भक्तिमय और शुद्ध हो जाता है।

मौके पर अमरलाल महतो, रणधीर गुप्ता, सत्येंद्र महतो, सुशील सिंह, संगीता देवी, रणजीत पासवान, नितेश नायक, बीएन तिवारी, आनंद सिंह, मुन्ना, जनार्दन सिंह, मानी तिवारी, रणजीत सिंह, अशोक कुमार, राहुल सिंह, नितिन आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# ईरबा मैंगो मोहल्ला में नौजवान युवकों ने दावत-ए-इफ्तार पार्टी का किया आयोजन

**वरीय संवाददाता, रांची।**

ईरबा मैंगो मोहल्ला हाजी याकूब अंसारी के प्रांगण में नौजवान युवकों शुक्रवार को रमजान-उल-मुबारक के मौके पर दावत-ए- इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। शुक्रवार की शाम आयोजित दावत-ए-इफ्तार पार्टी में क्षेत्र के अलावा अन्य जगहों के काफी संख्या में नौजवान युवक, बड़े-बुजर्ग व बच्चों ने भाग लिया। दावत- ए-इफ्तार पार्टी से पहले सभी मौजूद रोजेदारों ने अल्लाह तबारक व ताला के बारगाह में हाथ उठाकर पूरा मुल्क की आपसी भाईचारे एवं मोहब्बत के लिए दुआएं मांगी। मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। दावत-ए-इफ्तार पार्टी में लोगों ने लजीज व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में समरसता कायम होती है और लोगों में भाईचारे की भावना उत्पन्न होती है।



मौके पर मुख्य रूप से ईरबा जामा मस्जिद के खतीब अबु उबैदा कासमी, हाजी याकूब अंसारी, मौलाना समीउल हक, जकी अंसारी, साजिद अंसारी, बब्लू पुलिस, मोहम्मद मजहर, पप्पू, अबू तल्हा, मुदस्सीर आलम, आमिर नजर, यासीर, मोदब्बीर, सोनू, अजहर, दिल अफरोज अंसारी, तारीक अनवर, सब्बू, तारीक ओहदार, इमरान, लाल बाबू, समशाद, सरवर, आशिफ, तनवीर, समीर, अबू रेहान, फिरोज आलम, मुर्शिद, फरहान सहित ईरबा के सभी सदस्य, गांव के नौजवान युवक, बूढ़े बुजुर्ग, बच्चे सहित आस पास के गांवो से आए लोग मौजुद थे।

धूमधाम से मनाया गया गुरुद्वारा साहिब में बैसाखी का पर्व, सजाया गया विशेष दीवान

# देहे शिवा वर मोहे है शुभ करमन ते कबहुं न डरो...

**संवाददाता, रामगढ़।**

श्री गुरुद्वारा साहिब में साध संगत ने खालसा का सृजना दिवस बड़े ही श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया। आज रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में सर्वप्रथम सुबह 7:00 बजे निशान साहब की सेवा की गई। गुरुद्वारा साहिब में 11:00 बजे से विशेष दीवान सजाया गया, गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथि बाबा गुरजीत सिंह ने अरदास की, जहां रांची से आए हजूरी रागी भाई महिपाल सिंह भाई सरबजीत सिंह ने बड़े ही मनमोहक ढंग से सबद गायन किया। इन्ही की किरपा से सजे हम हैं नहीं मोह से गरीब करोर परे, अमृत पियो सदा चीर जीवो, नासूरो मंसूर गुरु गोविंद सिंह गोविंद सिंह देह शिवा बर मोहे है शुभ कर्मन ते कबहू न डरो.... आदि सबदो से संगत को निहाल किया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने सभी साध संगत को बैसाखी की बधाई दी।



रामगढ़ गुरुद्वारा में सजा विशेष दीवान। ● द फोटोन न्यूज

रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में रामगढ़ की नवनियुक्त विधायिका सुनीता चौधरी शामिल हुए। गुरुद्वारा साहिब की ओर से कमलजीत संघोत्रा ने विधायक सुनीता चौधरी को शाल देकर सम्मानित किया।

गुरुद्वारा साहिब में बैसाखी पर्व को लेकर पूर्व महासचिव सरदार जगजीत सिंह सोनी ने बैसाखी पर्व के इतिहास के बारे में प्रकाश डाला। जिसके बाद गुरुद्वारा साहिब में अटूट लंगर बांटा गया।

मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी हरदीप सिंह होरा मीडिया इंचार्ज कर्मजीत सिंह जग्गी गुरु नानक स्कूल के डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, पप्पू जस्सल रविंद्र सिंह छाबड़ा, जगजीत सिंह सोनी जोगिंदर सिंह जग्गी बलजीत सिंह बेदी , बंटी चमन,टीटू छाबड़ा रघुवीर सिंह छाबड़ा, गुरप्रीत चाना अरविंदर सिंह सैनी तेजिंदर सिंह हरमीत सिंह कालरा अमरजीत सिंह जगजीत सिंह बिट्ठू सिंह चंडोक गुरजीत सिंह सलूजा बलविंदर सिंह पवार लकी मेहरा जसवंत सिंह शेरगिल जगजीत सिंह एलआईसी टोनी कोहली डॉक्टर मनवीर कौर पम्मी गांधी, पिंकी सलूजा महिंद्र कौर विमला मेहरा जसप्रीत कौर जोली नीलम अरोड़ा रंजू अरोड़ा जसमीत कौर सोनी, करमजीत कौर जगी सुखमीत कौर जसप्रीत कौर जसविंदर कौर, अनुपमा सिंह शामिल हुई।

## ब्रीफ न्यूज

### हनुमान चालीसा पाठ का विशेष आयोजन

**रांची** : श्री महावीर पूजा समिति मुंडा टोली पिठोरिया के द्वारा मुंडा टोली में नवनिर्मित महावीर मंदिर के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रात: 6 बजे कलश यात्रा के साथ हुई।यात्रा में सैकड़ों महिलाओं एवं लड़कियों ने भाग लिया। पूरे गांव भ्रमण के बाद मंदिर परिसर में कलश यात्रा की समाप्ति हुई। तत्पश्चात हनुमान चालीसा पाठ का विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर कीर्तन और भंडारा का विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूरे गांव के सनातन धर्मावलंबी सम्मिलित हुए। आयोजन में पूजा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

### बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई

**बुढ़मू** : आजसू कांके प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव के अध्यक्षता में पिठोरयॉ अम्बेडकर चौक में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाया गया। जिसमें संचालन कांके प्रखंड सचिव सुरेन्द्र महतो ने किया। मूख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता उपस्थित हुए। उन्होंने डॉ भीमराव एक युग पुरूष थे। जिनकी कर्म जिनकी सोच पूरी मानव जाति के लिए थी। कोई भी हारा हुआ मनुष्य यदि बाबा साहेब के संघर्षशील उन्नत जीवन के पहलुओं पर ही विचार कर ले तो एक प्रेरणा जाग जाती है। इस अवसर पर आजसू पार्टी के राँची जिला संगठन सचिव अभिषेक राज हेरेंज राँची जिला सचिव शिवाजी पाटिल अमीत महतो राँची जिला प्रवक्ता सूरज मिश्रा सचिन किरण प्रत्युश कुमार कॉंके प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज महतो सह सचिव परवेज असांरी रिजवान असांरी ललिन्दर महतो समेत पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### अनंतदेव पथ वासियों ने नगर आयुक्त से लगाई नाला निर्माण की गुहार

**रांची** : कांके रोड वार्ड न. 2 न्यू न्युक्लियस मॉल के पीछे विद्यापति नगर स्थित अनंतदेव पथ में रहने वाले लोगों ने नगर आयुक्त से नाली निर्माण की गुहार लगाई है। वहां नाला नहीं रहने के कारण सड़कों पर नाली का पानी बहता रहता है, जिससे वहां के निवासियों एवं आने जाने वाले लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। रांची नगर निगम नागरिक सुविधा मद से महापौर आशा लकडा एवं वार्ड न.2 के पार्षद गुंदरा उरांव के सौजन्य से अनंतदेव पथ में पेवरब्लॉक बिछाने का कार्य हाल ही में संपन्न हुआ है। वहां के प्रमुख निवासियों डॉ मुर्मू, अमन-चैन टोप्पो, रॉवर्ट सांडिल्य, देवाशीष मुखर्जी, शुभ्रा मुखर्जी, चंचल चौधरी, विनोद विश्वकर्मा, ओंकार यादव, अमर कुमार साहू, डॉ. संपूर्णानन्द मिश्र, डोमिनिकन सिस्टर्स सोसायटी के सिस्टर शांति सहित सभी लोगों ने नगर आयुक्त से अनंतदेव पथ में यथाशीघ्र सलैव के साथ नाली निर्माण की गुहार लगाई है।

### साइंस पब्लिक स्कूल मारवा में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती सह विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया

**बुढ़मू** : साइंस पब्लिक स्कूल मारवा में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती सह विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विद्यालय के निदेशक आसिम अख्तर ने कहां की बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे विश्व में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है बाबा भीमराव अंबेडकर सबसे अधिक डिग्रियां प्राप्त एक शिक्षाविद थे जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ महिलाओं व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कई नियम बनाएं। ऐसी शख्सियत के जन्म दिवस के अवसर पर विद्यालय का स्थापना होना अपने आप में गर्व महसूस होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्य बिना राम ने बच्चों को बाबा भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं बच्चे उपस्थित थे।

### डॉ. अंबेडकर विचार मंच ने भुरकुंडा में धूमधाम से मनाई बाबा साहेब की जयंती

**भुरकुंडा (रामगढ़)** : डॉ. अंबेडकर विचार के तत्वावधान में पेट्रोल पंप भुरकुंडा स्थित अंबेडकर स्थल में शुक्रवार को बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने डॉ. भीम राव अंबेडकर के विचारों को साझा किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब के अधूरे सपनों को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। और उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। इस दौरान बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का आहवान करते हुए हक-अधिकार के लिए समाज के लोगों से एक मंच पर आने की बात कही गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष बालेश्वर राम ने किया। मौके पर राजन राम, संजय कुमार दास, दिनेश राम, दिनेश, विजय मेहरा, जी राम, राजेंद्र राम, बबलू राम, विक्की कुमार रवि, कंचन, कर्मवीर राम, दीपक राम, रीता देवी, पुष्पा पासवान, सुरेश पासवान, ज्ञानी राम, प्रकाश राम, अरविंद, किशोर, बिरेंद्र राम, प्रमोद, तिरूभुवन राम, रंजन, राहुल पंचानन सहित मंच के दर्जनों लोग मौजूद थे।

### जेएम कॉलेज में धूमधाम से मनी बाबा साहेब की 132वीं जयंती, बताए मार्ग पर चलने का हुआ आहवान

**भुरकुंडा (रामगढ़)** : पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा इकाई योजना इकाई एक ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद स्वयंसेवको ने भी बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह ने कहा कि संविधान के आधार पर ही हम लोगों को अधिकार प्राप्त हुआ है। सभी लोगों को संविधान का सम्मान करना चाहिए। संविधान के नियमों का पालन करके ही हम बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। वहीं स्वयंसेवक आस्था रानी एवं मुस्कान ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवनी पर कविता का पाठ किया। मौके पर रामजीवन, विनोद, सिराज, अर्जुन, प्रियांशु आस्था, मुस्कान सहित महाविद्यालय परिवार मौजूद थे।

बाबा साहब के कार्य ने उन्हें इतिहास पुरुष के रूप में स्थापित किया: दर्शन गंझू

### केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति ने रिवर साईड में धूमधाम से मनाई बाबा साहेब की 132वी जयंती

**भुरकुंडा (रामगढ़)** : केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति के तत्वधान में शुक्रवार को केंद्रीय सरना स्थल रिवर साइड में संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्पर्यापण एवं पुष्प समर्पित कर की गई। मौके पर पूर्व पार्षद सह केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति के संरक्षक दर्शन गंझु ने बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की वे विषम परिस्थितियों में रहते हुए भी देश के सभी दबे-कुचलों की आवाज बुलंद करते रहें। उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा सहित सभी वर्गों के लोगों में सामानता लाने के लिए संविधान में अधिकार दिलाने का काम किया। बाबा साहब के कार्य ने उन्हें इतिहास पुरुष के रूप में स्थापित किया और वे जन-जन के लिए प्रेरणा सूत्र का केंद्र बने। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता लाया जा सकता है। बाबा साहब के आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर पूर्व पार्षद दर्शन गंझू, कार्यकारी अध्यक्ष रितिका भोक्ता, सचिव संतोष उरांव, सलाहकार श्रीनाथ करमाली, राजन करमाली, राजा मुंडा, देवशरण मुंडा, श्याम सुंदर प्रसाद, महेंद्र मुंडा, छोटा राजन करमाली, शशि करमाली, कमल करमाली, प्रेमनाथ गुप्ता, अरविंद करमाली, राजाराम सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

भारतीय बहुज्ञ, विधिवेता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ व समाज सुधारक थे अंबेडकर: सत्यवंती देवी

### दोतल्ला पंचायत में मनी डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती

**भुरकुंडा (रामगढ़)** : बुधबाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा सोब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित एवं विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। साथ ही उनके विचारो को आत्मसात कर उनके बताये मार्ग पर चलने का आहवान किया गया। मौके पर मुखिया सत्यंवती देवी ने कहा कि बाबा साहब भारतीय बहुज्ञ, विधिवेता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाज सुधारक थे। वे अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाएं। उन्होंने कहा था कि मैं ऐसे धर्म को मानता हूं जो स्वतंत्रता समानता और भाईचारा सिखाता हो। मुखिया ने बताया कि संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को 31 मार्च 1990 को मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, शशीकांत सिंह, मनोज चैधरी, राजू नायक, रंजू सिंह, एलिजाबेथ डोडराय, किरण सिंह, प्रेमी सलोमी तिर्की, शकुंतला देवी, सुनीता देवी, सुमित्रा देवी, मंजू देवी, सोनिया देवी, शकुंतला देवी, करमी देवी आदि ने भी बाबा साहब के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

### जेएसपी ने मनाया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस, बहादुर अग्निशामकों को दी श्रद्धांजलि

**भुरकुंडा (रामगढ़)** : आग और सुरक्षा विभाग जेएसपीएल के तत्वावधान में जेएसपी पतरातू में शुक्रवार को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया ने अग्निशमन सेवा ध्वजारोहण कर की। इसके बाद 14 अप्रैल 1944 को मुंबई डॉकयार्ड में आग और बड़े पैमाने पर विस्फोट के कारण काल के गाल में समाएं देश के अग्निषमकों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही दो मिनट का मौन रखा गया और अग्नि सुरक्षा की शपथ ली गई। इस वर्ष अग्निशमन सेवा दिवस की थीम थी राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता। बताया गया कि आज के दिन बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि देने के लिए ही राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में कारखाना प्रबंधक व सभी विभागों के शीर्ष अधिकारी और कर्मचारियों उपस्थित रहे।

# पौथु पंचायत की मुखिया को मिलेगा राष्टीय पुरुष्कार



**औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड के पौथू पंचायत की मुखिया डिंपल कुमारी को राष्टीय पंचायत पुरुष्कर योजना के तहत चयन किया गया है पंचायत मे बेहतर सरकारी योजना के कार्य के लिए मुखिया डिंपल कुमारी को न्यू दिल्ली 17 से 21 अप्रैल तक आयोजित राष्टीय कार्यक्रम मे सम्मानित किया जाएगा साथ ही पंचायत की विकास की एक छोटी सी फिल्म भी दिखाई जाएगी मुखिया कैसे गांव की तरक्की तकदीर को बदल रही है पंचायत एवम गावो को सुंदर एवम स्वच्छ बनाने की कहानी मुखिया ने बताई मुखिया डिंपल कुमारी ने बताया की पहले इस पुरुस्कार के लिए पंजीयन कराया फिर उसके बाद पंचायती राज विभाग पटना मे सत्यापन दल भेज था सत्यापन दल ने पंचायत की योजनाओं को जमीनी स्तर पर विकास से संबंधित कागजात अभिलेख आंकड़ा का सत्यापन किया गया था दितीय वर्ष 2021 एवम 2022 के तहत पौथु पंचायत के सभी वार्डो मे नल जल खरोंजा विभिन्न सड़को का संपर्क पथ पीसीसी सड़क निर्माण जैसी बड़ी योजना शामिल थी इस संबंध मे मुखिया ने बताया की योजनाओं को बेहतर संचालन करने मे पंचायत वासियों को बेहतर सहयोग मिला जिसके कारण पंचायतो की विकास की गति बेहतर रहा सबों से हाथ जोड़कर आग्रह किया की यह पंचायत के विकास मे पुरुस्कार मिलना आप सबों का सहयोग का ही प्रतिफल है।

# देश में विपक्ष की स्थिति 'एक अनार सौ बीमार' जैसी : नंदकिशोर

## विपक्षी एकता मेंढक को तराजू पर तौलने जैसा



**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने तंज कसते हुए कहा कि देश में विपक्ष की स्थिति 'एक अनार, सौ बीमार जैसी' है। देश में प्रधानमंत्री के लिए एक ही पद है और विपक्षी दलों के दर्जन भर नेता पीएम बनने के दिवास्वप्न देख रहे हैं। सपने देखने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन विपक्षी नेताओं का यह सपना मुंगेरी लाल के हसीन सपने जैसा है। श्री यादव ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 2024 में पीएम पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। पीएम बनने की चाहत में दौड़ लगा रहे लोग औंधे मुंह गिरेंगे। जनता जब देख और समझ रही है। अपनी सुरक्षा के लिए भ्रष्टाचारी और परिवारवादी एक साथ होने की जुगत में हैं। लेकिन, इनकी महत्वाकांक्षा इन्हें कभी भी एकजुट होने नहीं देगी। जो विपक्षी एकता की बात कह रहे हैं, उन्हें इसका अहसास है कि विपक्षी एकता मेंढक को तराजू पर तौलने जैसा कठिन कार्य है। श्री यादव ने कहा कि देश की जनता को भाजपा पर पूरा भरोसा और पीएम मोदी पर अटूट विश्वास है। 2024 में भाजपा की सरकार बनना तय है।

संक्षिप्त -समाचार

## भाजपा को सताने लगा सत्ता जाने का डर : डॉ.मधुरेंदु पांडेय

**औरंगाबाद।** जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मधुरेंदु पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विपक्षी एकता अभियान से भाजपा खेमे में हलचल पैदा होने लगी है और उसे वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता छीन जाने का डर सताने लगा है। पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी एकता की मुहिम देशहित में है।उनका यह अभियान सराहनीय एवं स्वागत योग्य कदम है। देशहित में भाजपा मुक्त राष्ट्र का निर्माण करना आज समय की मांग है। इसके लिए तमाम विपक्षी दलों को एकजुट होकर वर्ष 2024 की लोकसभा चुनाव लड़ने की जरूरत है। पांडेय ने कहा कि भाजपा से देश को खतरा है। देश में सामाजिक सौहार्द बिगड़ते हुए जा रहा है।देश धार्मिक उन्माद में उलझते हुए जा रहा है। महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है । देश में सर्वांगीण विकास होने के बजाय देश जातीय धार्मिक एवं मंदिर मस्जिद के मुद्दे पर उलझी हुई है। सत्ता के लिए भाजपा नित्य नए-नए हथकंडे अपनाने पर तुली हुई है। भाजपा नेताओं की हर चाल से जनता वाकिफ हो चुकी है। भाजपा की छल प्रपंच और झूठ की राजनीति अब देश में चलने वाली नहीं है।

## नवादा के कवि नरेंद्र को मिला ज्योतिबा फुले साहित्य सम्मान



**नवादा।** हिन्दी - मगही के लब्ध प्रतिष्ठित कवि एवं गीतकार नरेंद्र प्रसाद सिंह को विगत दिनों फुले शिक्षा केंद्र, निघवां (अरवल) की ओर से प्रशस्ति -पत्र, अंगवस्त्र व फूलों की हार से विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार एवं उपेंद्र कुमार वर्मा ने ज्योतिबा फुले साहित्य सम्मान से सम्मानित किया। इस आशय का प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केशरी नंदन मगही मंडप, नवादा (बिहार) के सचिव संतोष कुमार ने बताया कि कवि एवं गीतकार नरेंद्र प्रसाद सिंह हिन्दी - मगही के ऐसे आधार स्तम्भ हैं,जिनकी रचनाएं देश - विदेश की मानक पत्र - पत्रिकाओं में छपती है व इन्हें अब तक सैकड़ों सम्मान मिल चुका है, जिसमें लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड भी शामिल है। इन्होंने यह भी कहा कि नवादा के कवि नरेंद्र को यह सम्मान उपेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता व मणिकांत मणि के मंच संचालन में आयोजित राज्यस्तरीय कवि सम्मेलन व देवन मिसिर नाटक के मंचन के दौरान निघवां,अरवल में प्रदान किया गया है। इनके इस सम्मान से नवादा ही नहीं बल्कि पूरे बिहार के साहित्यकारों - पत्रकारों, कवियों - लेखकों - कलाकारों एवं बुद्धिजीवियों में खुशी व्याप्त है। मौके पर भीड़ भरी सभा के मंच पर डॉ० धनेश कु वर्मा, डॉ० दिलीप कुमार, मणिकांत मणि, मंसूर खान नादां, राम नरेश कुमार, मनोज कुमार, मंसूर खान नादां, अवधेश कुमार ,पवन तनय, मगही फि ल्म निमार्ता मिथिलेश कुमार सिंह, पंकज मिश्र, कवि बेधड़क, उपेंद्र कुमार प्रेमी, लखेरालाल कुशवाहा, प्रवीण बटोही, मनोज कुमार कमल, हिंमाशु शेखर, ऋचा झा, धर्मेंद्र कुमार रंगकर्मी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जयंती की अपील

**औरंगाबाद।** दलित विचार मंच अनुसूचित जाति मोर्चा एवं डॉ भीमराव अंबेडकर जी के सिद्धांत एवं विचारों के प्रति समर्पित सदस्य एवं कार्यकर्ता 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जयंती मनाएंगे। वार्ड सदस्य संघ के जिला अध्यक्ष सह भाजमुयो जिला उपाध्यक्षअभय पासवान ने बताया कि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अनुश्रवण समिति के सदस्य मधेशवर पासवान और राजेश्वर पासवान के देखरेख में भीम आर्मी, दलित विचार मंच एवं विभिन्न दलित परिवार के संगठन 14 अप्रैल को सुबह 8 बजे गांधी मैदान से बैनर झंडा लेकर शांतिपूर्ण तरीके से पैदल मार्च करते हुए समरणाहालय मे लगी अंबेडकर जी के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए 10:30 बजे नगर भवन के सभागार में सभी सदस्य उपस्थित होकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों और सिद्धांतों पर चर्चा करेंगे। अभय पासवान ने जिला के सभी अनुसूचित जाति परिवार एवं अंबेडकर जी के सिद्धांत एवं विचारों के प्रति समर्पित रहने वाले सभी जिला वासी एवं कार्यकर्ता से अंबेडकर जी के जयंती को बढ़-चढ़कर मनाने को लेकर सदस्यों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का अपील किया।

## शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा देने के लिए परीक्षा पास करने की शर्त जोड़े जाने के विरुद्ध

**दाऊदनगर (औरंगाबाद)।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट) 'मूल' की राज्य कमिटी के आह्वान पर इस संघ से जुड़े शिक्षकों ने आज जिले के विभिन्न विद्यालयों में 'सरकार द्वारा शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा देने के लिए परीक्षा पास करने की शर्त जोड़े जाने के विरुद्ध' काला बिल्ला लगाकर काम किया तथा छुट्टी के बाद विद्यालयों के गेट पर विरोध प्रदर्शन किया । अनेक विद्यालयों में शिक्षकों ने गेट पर प्रदर्शन करते हुए अपने विरोध प्रदर्शन का वीडियो और फोटो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया तथा सरकार के इस नए प्रावधान के खिलाफ अपनी नाखुशी जाहिर की । आज दाउदनगर के ही रा कादरी मध्य विद्यालय,रा मध्य विद्यालय नगरपालिका संख्याः-01,रा बालिका मध्य विद्यालय,दाऊदनगर, रा मध्य विद्यालय पटना के फाटक,इत्यादि अनेक विद्यालयों में शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया तथा छुट्टी के बाद उक्त सभी विद्यालयों में शिक्षकगण एकजुट होकर अपने-अपने विद्यालयों के गेट पर प्रदर्शन करते हुए सरकार की 'शिक्षक-शिक्षा विरोधी नीति' के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । जबकि ओबरा प्रखंड में संघ के जिला अध्यक्ष- संजय कुमार सिंह ने उपर्युक्त कार्यक्रमों का नेतृत्व किया । जिले के अन्य प्रखंडों में उक्त कार्यक्रमों का नेतृत्व संबंधित प्रखंडों के अध्यक्षों,सचिवों एवं अन्य पदाधारकों ने किया । कल भी शुक्रवार को और परसों शनिवार को भी सभी विद्यालयों में शिक्षकगण काला बिल्ला लगाकर कार्य करने तथा छुट्टी की अवधि में अपने-अपने विद्यालयों के गेट पर खड़े होकर प्रदर्शन करते हुए

# लखीसराय में जमीनी विवाद में युवक की हत्या

जलियांवाला बाग के 104 वीं शहादत दिवस पर शहीद देश भक्तों को दी गई श्रद्धांजलि

खगड़िया। देश बचाओ अभियान एवं भाकपा माले, असंगठित निर्माण मजदूर यूनियन, खेत मजदूर किसान सभा के संयुक्त तत्वाधान में जलियांवाला बाग दिवस के 104 वीं शहादत दिवस पर शहीद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर तथा 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। तथा शहीद देश भक्त अमर रहे, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, पूंजीवाद फासीवाद साम्रज्यवाद मुदार्बाद, समाजवाद जिंदाबाद का नारा को बुलंद किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता करते हुए देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष सह भाकपा माले के जिला संयोजक किरण देव यादव ने कहा कि 13 अप्रैल 1919 को रॉलेक्ट एक्ट के विरोध में पंजाब के अमृतसर के जलियांवाला बाग में देशभक्तों द्वारा आयोजित सभा पर जनरल ओ डायर के द्वारा अंधाधुंध गोलियां चलाकर हजारों देशभक्तों को गोली से भून कर विश्व में सबसे बड़ा नरसंहार किया गया। उन शहीदों का शहादत कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्री यादव ने कहा कि उक्त घटना का बदला उधम सिंह भगत सिंह आदि ने 11 साल बाद ब्रिटेन में जाकर जनरल ओ डायर को थाना के निकट गोली मारकर हत्या कर बदला लिया। खेत मजदूर यूनियन के संयोजक धर्मेंद्र कुमार एवं असंगठित निर्माण मजदूर यूनियन के सचिव सुनील कुमार ने कहा कि आज भी आजाद देश में जलियांवाला बाग के तरह सरकार के द्वारा निर्मित काला कानून तुगलकी फरमान के खिलाफ की जा रही आंदोलन कारी पर दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# मगध में भी उठी कोर्ट मोर्निंग करने की मांग



**औरंगाबाद :** आज जिला विधिक संघ औरंगाबाद के दीवानी वादों के अधिकांश अधिवक्ताओ ने बैठक कर तीन मांगे हाईकोर्ट पटना से मीडिया के माध्यम से रखी।पहला, बढ़ती हुई तापमान को देखते हुए दुष्प्रभाव से बचने हेतु कोर्ट पुनः अप्रैल से जून तक मोर्निंग किया जाए।दुसरा मांग ,परिवार न्यायालय के भेकेंट कोर्ट में शीघ्र प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति की जाए। और आखिरी मांग यह कि सबजज कोर्ट के आधे से अधिक भेकेंट कोर्ट में शीघ्र सबजज की बहाली हो। ताकि लम्बे समय से लम्बित मामलों के निष्पादन में तेजी आए।इसकी जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि शेरघाटी के पास से कर्क रेखा गुजरती है जिसके कारण औरंगाबाद, दाउदनगर, गया, शेरघाटी में अत्यधिक गर्मी पड़ती है लु से अधिवक्ताओ और मुवक्किलों, गवाहों को जीवन संकट में पड़ सकती है। और विषम परिस्थितियों को सामना करना पड़ सकता है। बैठक कि अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता नागेश मिश्रा ने किया और संचालन वरीय अधिवक्ता रामानुज प्रसाद प्रभात ने किया, उपस्थित वरीय अधिवक्ता संजय कुमार सिंह,ओम प्रकाश शर्मा,अभय कुमार सिंह, सिद्धार्थ,पारस शर्मा, सुरेंद्र प्रसाद सिंह,रज्जी अहमद, धमेंद्र कुमार, सतीश कुमार स्नेही, रविन्द्र शर्मा,हरिनाथ उपाध्याय,नीरज श्रीवास्तव,सुनील कुमार सहित अन्य अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

# जलियांवाला बाग के 104 वीं शहादत दिवस पर शहीद देश भक्तों को दी गई श्रद्धांजलि




**खगड़िया।** देश बचाओ अभियान एवं भाकपा माले, असंगठित निर्माण मजदूर यूनियन, खेत मजदूर किसान सभा के संयुक्त तत्वाधान में जलियांवाला बाग दिवस के 104 वीं शहादत दिवस पर शहीद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर तथा 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। तथा शहीद देश भक्त अमर रहे, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, पूंजीवाद फासीवाद साम्रज्यवाद मुदार्बाद, समाजवाद जिंदाबाद का नारा को बुलंद किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता करते हुए देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष सह भाकपा माले के जिला संयोजक किरण देव यादव ने कहा कि 13 अप्रैल 1919 को रॉलेक्ट एक्ट के विरोध में पंजाब के अमृतसर के जलियांवाला बाग में देशभक्तों द्वारा आयोजित सभा पर जनरल ओ डायर के द्वारा अंधाधुंध गोलियां चलाकर हजारों देशभक्तों को गोली से भून कर विश्व में सबसे बड़ा नरसंहार किया गया। उन शहीदों का शहादत कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्री यादव ने कहा कि उक्त घटना का बदला उधम सिंह भगत सिंह आदि ने 11 साल बाद ब्रिटेन में जाकर जनरल ओ डायर को थाना के निकट गोली मारकर हत्या कर बदला लिया। खेत मजदूर यूनियन के संयोजक धर्मेंद्र कुमार एवं असंगठित निर्माण मजदूर यूनियन के सचिव सुनील कुमार ने कहा कि आज भी आजाद देश में जलियांवाला बाग के तरह सरकार के द्वारा निर्मित काला कानून तुगलकी फरमान के खिलाफ की जा रही आंदोलन कारी पर दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्यक्रम में कर्मचारी संघ के चंद्रशेखर मंडल, राजो साहनी, राजकुमार पोद्दार, दिनेश मालाकार, बिजली देवी, साबो देवी, होची मिन्ह आदि ने शहीदों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बीमा कम्पनीयों के साथ बैठक



**औरंगाबाद।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, प्रणव शंकर द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर सभी इन्सुरेंस कम्पनी के अधिकारियों तथा अधिवक्ताओं के साथ अपने प्रकोष्ठ में बैठक किया। जिसमें नेशनल इन्सुरेंस के प्रबंधक ज्ञानेंद्र कुमार, इन्शुरेंस कं0 से अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह, अरूण तिवारी, रजनी बलभ प्रसाद सिन्हा उर्फ बीरेंद्र बाबू, धनन्जय शर्मा, अरविन्द सिंह शामिल हुए। बैठक में सभी ने पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में हुए निष्पादन से ज्यादा निष्पादन कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वसन दिया। साथ ही सचिव द्वारा जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। सचिव ने कहा कि आने वाली 13 मई 2023 को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इन्शुरेन्स से सम्बन्धित अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय लोक अदालत में सहभागिता तथा सहयोग के लिए अनुरोध किया गया। विदित है कि 13 मई 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर वृहत रूप से तैयारी की जा रही है। सचिव द्वारा कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें सम्बन्धित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है। सचिव द्वारा आम जन से भी अपील किया गया गया कि 13 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक आमजन लाभ उठायें। किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में करवाना चाहते हैं तो किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना आवेदन दे सकते है।

# नए जिलाधिकारी का कामकाज जारी हुई वेलकम मीटिंग



**औरंगाबाद :** जिला पदाधिकारी सुहर्ष भगत ने पदभार ग्रहण करते ही पहले दिन से ही अपनी सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। बुधवार को डीएम ने मदनपुर एवं रफीगंज प्रखंड पहुंचकर प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक की और गुरूवार को जिला मुख्यालय में जिल स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक को वेलकम मीटिंग का नाम दिया गया। उम्मीद है कि नए डीएम आनेवाले दिनों में और कुछ खास नयापन के साथ दिखेंगे। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा मदनपुर प्रखंड में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, रफीगंज से प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त अंचल अधिकारी से रिकॉर्ड ऑफ राइट्स 'अद्यतीकरण की जानकारी ली गई। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी रफीगंज से बढ़ती गर्मी के मद्देनजर हिटवेव की तैयारी से संबंधित जानकारी ली गई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से जन वितरण प्रणाली की दुकानों की स्थिति की जानकारी ली गई। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रफीगंज से आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन की स्थिति की जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त अन्य पदाधिकारियों से उनके विभागीय कार्यों के प्रगति की जानकारी ली गई।

# हाईकोर्ट को भेजा जाएगा अविलंब प्रार्थना पत्र

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के कार्यकरणी समिति का आपातकालीन बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह व संचालन महासचिव नागेंद्र सिंह ने किया। बैठक में कहा गया है कि लू के कारण औरंगाबाद के तापमान काफी बढ़ गई है, जिसको देखते हुए औरंगाबाद न्यायमंडल के कोर्ट का संचालन पुनः मोर्निंग हेतु मुख्य न्यायमूर्ति हाईकोर्ट पटना को प्रार्थना पत्र अविलंब भेजा जाए। इस प्रस्ताव की प्रतिलिपि स्टेट बार काउंसिल पटना, जिला विधिज्ञ संघ सासाराम, गया, नवादा और जहानाबाद को भेजा जाएं। इस अवसर पर अमित कुमार, नवीन कुमार, प्रमोद कुमार सिंह,संत सिंह,नृपेश्वर सिंह देव,प्रदीप कुमार , मनोज कुमार सिंह,राणा सरोज सिंह, सहित अन्य कार्यकरणी समिति सदस्य उपस्थित थे।

# कुप्रथा के घोर विरोधी थे डॉ. भीमराव अंबेडकर

भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। उन्होंने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गंदी राजनीति ने उन्हें सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डॉ. अंबेडकर का एक और सपना था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें। डॉ. अंबेडकर का मानना था कि वर्गहीन समाज गढ़ने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षा कवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं, इसका श्रेय डॉ. अंबेडकर को जाता है। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती। हर वर्ष 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। डॉ. अंबेडकर की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेंगे। उनके बनाये संविधान का पालन करेंगे। ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे देश के किसी कानून का उल्लंघन होता हो। चूंकि वे हमेशा जाति प्रथा, ऊंच- नीच जैसी बातों के विरोधी थे इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रद्धांजलि देने का सबसे अच्छा तरीका है, उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं। डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार में हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिला स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनका बचपन कष्टों में बीता। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो डॉ. अंबेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं। जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। डॉ. अंबेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है। इसी कारण अंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्जों की दवा थी। पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण अंबेडकर ने कानून मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

# मुठभेड़ की नौबत

राजनीति में अपराध के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए और अपराध के अंत के लिए हर मुमकिन कोशिश सरकारों को करनी ही चाहिए। इसी कड़ी में गैंगस्टर-नेता अतीक अहमद के बेटे असद अहमद की मुठभेड़ में हुई मौत को देखा जा सकता है। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल की अगर प्रशंसा हुई है, तो इसका आधार यही है कि राजनीति या समाज में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से जिस तरह से असद अहमद भागा-भागा फिर रहा था, उसमें पहले से ही यह आशंका थी कि अगर मुठभेड़ हुई, तो पुलिस अंतिम विकल्प आजमाने में पीछे नहीं हटेगी। पुलिस के विशेष कार्यबल ने मुठभेड़ को झांसी में अंजाम देकर वाकई प्रदेश के अन्य अपराधियों को साफ संदेश दे दिया है कि गुंडागर्दी को सरकार कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनकाउंटर की सूचना के बाद राज्य में कानून-व्यवस्था पर एक बैठक की अध्यक्षता की और पुलिस महानिदेशक, विशेष महानिदेशक (कानून व्यवस्था) और पुलिस टीम को बधाई दी है, तो कोई आश्चर्य नहीं। पिछले महीने से ये हत्याभियुक्त पुलिस के लिए चुनौती बने हुए थे, अब स्थिति बदलेगी, पुलिस इसे बड़ी सफलता मान सकती है। उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने असद अहमद के साथ मुठभेड़ की घटना को ऐतिहासिक करार दिया है और अन्य अपराधियों को भी संदेश देने का दावा किया है। अपराधियों के खिलाफ सख्ती उत्तर प्रदेश में नई नहीं है। मुख्यमंत्री की छवि अपराध विरोधी कार्रवाइयों के कारण रही है और इसका लाभ उन्हें पिछले विधानसभा चुनाव में भी मिला था। इसमें कोई शक नहीं कि पिछली कुछ सरकारों के समय अपराधियों का मनोबल ऊंचा रहा है। अपराधी धड़ल्ले से चुनाव भी जीतते रहे हैं और कहीं न कहीं, कभी न कभी उन्हें शासन-प्रशासन की उदासीनता का लाभ भी मिलता रहा है। अब अगर वाकई अपराधियों का युग खत्म हो रहा है, तो इससे अच्छी और कोई बात हो नहीं सकती। नेताओं को अब तेरा अपराधी और मेरा अपराधी के पैमाने से ऊपर उठ जाना चाहिए। अपराध को जाति, धर्म, वर्ग के आधार पर बढ़ावा देने पर शर्म आनी चाहिए। असली सफलता तो तब है, जब न शासन अपराधियों का बचाव करे और न प्रशासन कभी उनकी कारस्तानियों से आंखें मूंदे।

# खालसा सिरजना दिवस में तब्दील हुआ बैसाखी पर्व

विश्लेषण



रावेल पुष्प

देश में एक धर्मावलंबियों पर मुगलों का भयंकर अत्याचार और जुल्म अब असहनीय स्थिति तक आ चुका था और जनता निरुपाय, असहाय और बुरी तरह भयाक्रांत थी। ऐसे समय में केसगढ़ जिसे आज आनंदपुर साहिब के नाम से जाना जाता है, वहीं सन्‌ 1699 को पूरे देश से जुटे श्रद्धालुओं को जो उस बैसाखी वाले दिन वहां एकत्र हुए थे उनको गुरु गोविंद सिंह ने संबोधित किया और कहा कि आज हो रहे जुल्मो सितम से टक्कर लेने के लिए अपना शीश कुर्बान करना पड़ेगा। उन्होंने अपने हाथ में नंगी तलवार लहराते हुए कहा कि दरबार में है कोई माई का लाल, जो इन सब अत्याचारों का मुकाबला करने के लिए अपना शीश कुर्बान कर सके। ऐसा सुनते ही पूरे दरबार में सन्नाटा छा गया, लेकिन फिर उन्हीं में से एक लाहौर से आया भाई दयाराम, जो जाति का खत्री था, वो सामने आया। गुरुजी उसे लेकर पीछे बने तंबू में ले गए और फिर एक झटके में गर्दन कटने की आवाज आई। गुरुजी रक्तरंजित तलवार लेकर बाहर दरबार में आए और फिर वही बात दुहराई।

सिखों के पहले गुरु नानक से लेकर पांचवें गुरु अर्जुन देव तक की पूरी गुरु परंपरा भक्ति भाव और अध्यात्म की रही है। वहीं, पांचवें गुरु अर्जुन देव जी की शहादत के बाद छठे गुरु हरगोविंद से इसमें कुछ तब्दीली आनी शुरू हो गई थी।

गुरु नानक देव जी ने तो संपूर्ण आध्यात्मिक निर्मल पंथ की नींव रखी थी और कालांतर में ऐतिहासिक घटनाओं के कारण गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की। वैसे सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना कितना कठिन है गुरु नानक देव जी ने तभी इस ओर इशारा भी कर दिया था और कहा था कि इस मार्ग पर चलने वालों को अपना शीश अपनी हथेली पर रखना होता है-

***इत मारग पैर धरीजै,सिर दीजै काणि न कीजे***

***यानि सत्य और न्याय के मार्ग पर सिर देने में***

***कहीं भी किंतु परंतु नहीं होनी चाहिए।***

इसी सिद्धांत को सीधे-सीधे परखने के लिए सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह ने परीक्षा ली। इस दौरान गुरु गोविंद सिंह के पिता और नौवें गुरु तेग बहादुर सत्य और न्याय की खातिर अपना शीश दिल्ली में कुर्बान कर चुके होते हैं, जहां आज उनकी स्मृति में गुरुद्वारा शीश गंज सुशोभित है।

देश में एक धर्मावलंबियों पर मुगलों का भयंकर अत्याचार और जुल्म अब असहनीय स्थिति तक आ चुका था और जनता निरुपाय, असहाय और बुरी तरह भयाक्रांत थी। ऐसे समय में केसगढ़ जिसे आज आनंदपुर साहिब के नाम से जाना जाता है, वहीं सन्‌ 1699 को पूरे देश से जुटे श्रद्धालुओं को जो उस बैसाखी वाले दिन वहां एकत्र हुए थे उनको गुरु गोविंद सिंह ने संबोधित किया और कहा कि आज हो रहे जुल्मो सितम से टक्कर लेने के लिए अपना शीश कुर्बान करना पड़ेगा। उन्होंने अपने हाथ में नंगी तलवार लहराते हुए कहा कि दरबार में है कोई माई का लाल, जो इन सब अत्याचारों का मुकाबला करने के लिए अपना शीश कुर्बान कर सके। ऐसा सुनते ही पूरे दरबार में सन्नाटा छा गया, लेकिन फिर उन्हीं में से एक लाहौर से आया भाई दयाराम, जो जाति का खत्री था, वो सामने आया। गुरुजी उसे लेकर पीछे बने तंबू में ले गए और फिर एक झटके में गर्दन कटने की आवाज आई। गुरुजी रक्तरंजित तलवार लेकर बाहर दरबार में आए और फिर वही बात दुहराई। दरबार में सभी घबराने लगे थे लेकिन एक-एक और चार लोग सामने आए। गुरुदेव उनको भी तंबू में लेकर गए। तम्बू से बाहर खून की धारा निकलती लोगों ने अपनी आंखों से देखी। पूरा दरबार स्तब्ध था। तभी सबने आश्चर्य मिश्रित प्रसन्नता से देखा कि गुरु जी उन सबको एक ही तरह के वस्त्रों से सुसज्जित जीवित अवस्था में लेकर दरबार में हाजिर हुए। उसके बाद उन्होंने एक लोहे के बर्तन में जल भरकर उसमें कुछ पतासे डाले और फिर उसे खंडे (एक प्रकार का अस्त्र) से पांच वाणियों का पाठ करते हुए घुमाया। इस तरह बनाए गये अमृत को गुरु जी ने अपने हाथों से सभी को अमृत पान कराया और फिर उन्हें पांच प्यारों का खिताब दिया। इस तरह बैसाखी पर्व खालसा सिरजना दिवस के रूप में तब्दील हुआ। उसके बाद वे स्वयं उन पांचों के समक्ष घुटनों के बल हाथ जोड़ कर बैठे और अनुरोध किया कि उन्हें भी अमृतपान कराया जाये। दुनिया के इतिहास में ये पहला मौका था,जब कोई गुरू अपने ही बनाए शिष्यों से दीक्षा लेता है। इस अद्वितीय घटना पर तभी तो किसी इतिहासकार कवि ने कहा कि-

***ओ जम्मेया मरद अगम्मड़ा वरियाम अकेला वाह-वाह गोविंद सिंह, आपे गुर चेला !***

कई इतिहासकारों का ये मानना है कि उसी दिन वहां उपस्थित हजारों लोग अमृतपान कर खालसा के रूप में परिवर्तित हुए। अब हम बात करते हैं उन पहले पांच प्यारों की, जिनमें पहला लाहौर (पंजाब) से दयाराम था, जो जाति का खत्री था और अमृतपान कर हुआ- भाई दया सिंह ! उसके बाद दूसरा दिल्ली का जाट धर्मचंद था, जो अमृतपान कर हुआ भाई धरम सिंह। उसके बाद तीसरा जगन्नाथ पुरी उड़ीसा का हिम्मत राय, जो जाति का कहार था, जो भाई हिम्मत सिंह हुआ। उसी तरह चौथा द्वारिकापुरी का मोहकम चंद जो जाति का धोबी था वो भाई मोहकम सिंह और पांचवां बिदर (कर्नाटक) का साहिब चंद नाई था वो भाई साहिब सिंह के रूप में परिवर्तित हुआ। गुरु गोबिंद स्वयं भी गोबिंद राय से अमृतपान के बाद गुरु गोबिंद सिंह हुए। इस तरह हम देखते हैं कि खालसा पंथ की स्थापना में न सिर्फ पंजाब का बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों का योगदान रहा। इस तरह ये बात स्पष्ट है कि पूरे देश ने मिलकर खालसा पंथ की सिरजना की। इसके साथ ही हमें ये बात भी नहीं भूलनी चाहिए कि खालसा पंथ के मूल सर्जक गुरु गोविंद सिंह का जन्म बिहार के पटना में हुआ और उनका तिरोधान नांदेड महाराष्ट्र में हुआ। नौवें गुरु तेग बहादुर की शहादत दिल्ली के चांदनी चौक में हुई। कहने का तात्पर्य है कि इन सबके बावजूद अगर कोई अलगाववादी सोच रखता हो, तो अकाल पुरख, ईश्वर उन्हें सद्बुद्धि दे। पूरे देश की आजादी में सिक्खों का अप्रतिम योगदान रहा है। आज भी देश की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाने में उनका कोई सानी नहीं। इसके प्रति पूर्ण समर्पण का भाव रखते हुए सभी की भलाई के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।



# औद्योगिक घरानों के बंटवारे कैसे प्रेम से हों

दीपक पारेख को भारत के कॉरपोरेट जगत में बहुत ही आदर भाव के साथ देखा जाता है। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन दीपक पारेख बीती आधी सदी से कॉरपोरेट जगत की हरेक घटना के अहम साक्षी हैं। वे जब किसी विषय पर बोलते हैं तो उसे नजरअंदाज करना संभव नहीं होता। उन्होंने हाल ही में एक सेमिनार में कहा कि भारत के बहुत से औद्योगिक घरानों में संपत्ति बंटवारे को लेकर हुआ विवाद इतना गंभीर हो गया है कि वे घराने इस आघात से बुरी तरह से छलनी हो गए। इस पूरी प्रकिया में लंबा वक्त भी लगा सो अलग। उनकी सलाह थी कि जिन घरानों में विवाद हो, उन्हें मध्यस्थता के रास्ते पर चलना चाहिए। इससे धन और वक्त भी बच जाएगा।

दीपक पारेख की बात में दम है। हमने देखा है कि रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद उनके दोनों पुत्रों- मुकेश और अनिल में संपत्ति विवाद गहरा होता चला गया। बात जब कोर्ट गई तो दोनों ने नामवर वकीलों को अपने पक्ष में दलीलें देने के लिए रखा। इस प्रक्रिया में दोनों ने करीब दो सौ करोड़ रुपये फूंक भी दिए। अंत में, बैंकिंग की दुनिया के प्रमुख हस्ताक्षर केवी कामथ को मध्यस्थता और संपत्ति के बंटवारे के लिए रखा गया। फिर कहीं जाकर बात बनी। कामथ आईसीआईसीआई बैंक के फाउंडर चेयरमैन थे। हालांकि यह स्वीकार करना होगा कि बंटवारे के बाद मुकेश अंबानी ने जहां शिखर को छुआ, वहीं अनिल अंबानी अपने समूह को कायदे से दिशा देने में नाकाम रहे।

अब बात पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक बड़े औद्योगिक समूह की भी कर लेते हैं। यह समूह चीनी, धागे, टायर, घी वगैरह का उत्पादन करता था। इस समूह का देश में खासा नाम था। पर इसके चेयरमैन का 1970 के दशक के आरंभ में निधन हो गया। कुछ समय के लिए चेयरमैन के छोटे भाई को समूह का प्रमुख बना दिया गया। पर बड़े भाई के पुत्रों ने विद्रोह कर दिया। इसके चलते यह समूह कलह-क्लेश का शिकार हो गया। इसकी पहले वाली स्थिति नहीं रही। अब यह समूह कतई खबरों में नहीं रहता, किसी विशेष उपलब्धि के चलते।

इसी तरह दिल्ली के डीसीएम समूह को गांधीवादी लाला श्रीराम ने शुरू किया था। उनके बाद, उनके दोनों पुत्रों लाला भरत राम तथा लाला चरत राम ने डीसीएस समूह को सही से चलाया। पर इनके बाद डीसीएम समूह बिखरने लगा। यानी तीसरी पीढ़ी इसे एक नहीं रख सकी। दोनों भाइयों के पुत्रों के बीच डीसीएम समूह की कंपनियां विभाजित हुई थीं। इससे पहले विवाद भी हुए। पर यह तो कहना ही होगा कि डीसीएम समूह ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में शानदार योगदान दिया। इस समूह की तरफ से श्रीराम कॉलेज आफ कॉमर्स, लेडी श्रीराम कॉलेज, श्रीराम कला केंद्र जैसे स्तरीय संस्थान खोले गए। मुंबई में मफतलाल समूह में भी बंटवारे के सवाल पर लंबे समय तक बवाल चलता रहा। इसका समूह को नुकसान हुआ। मफतलाल समूह की विकास की रफ्तार धीमी पड़ गई।

कायदे से बड़े घरानों का समय रहते बंटवारा हो जाना चाहिए। प्रोमोटर को चाहिए कि वे एक उम्र के बाद अपने समूह की संपत्तियों का अपने बच्चों में बंटवारा कर दे। इससे विवाद की नौबत नहीं आएगी। बंटवारे के बाद जिस-जिस के हिस्से में कंपनियां आएंगी वे उन्हें आगे लेकर जाएगे। अगर बात गुजरे कुछ दशकों की करें तो हम देखते हैं कि कोलकाता के आरपी गोयनका समूह का बंटवारा सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ। आरपीजी समूह के चेयरमैन आरपी गोयनका ने अपनी कंपनियों को अपने दोनों पुत्रों- हर्ष और संजीव में वक्त रहते हुए बांट दिया। अब दोनों भाई अपने-अपने समूहों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। दोनों भाइयों के आपसी संबंध भी मधुर हैं। संजीव गोयनका उद्योग और वाणिज्य संगठन सीआईआई के अध्यक्ष भी रहे हैं। हर्ष ट्वीटर पर भी एक्टिव रहते हैं। वे सामयिक विषयों पर अपनी बेबाक राय रखते रहते हैं। यहां पर एक बात कहने का मन कर रहा है कि उन घरानों में संपत्ति के बंटवारे को लेकर कोई विवाद कभी सुनने में नहीं आया जिनका स्वामित्व पारसियों के पास है। आप टाटा, गोदरेज, वाडिया वगैरह का इस बात का उदाहरण दे सकते हैं। ये सभी एक सदी पुराने औद्योगिक घराने हैं। पर कभी याद नहीं पड़ता कि इनमें प्रमोटरों के बीच में कभी कोई विवाद हुआ हो। इस बारे में अधिक गंभीरता से शोध करने की आवश्यकता है कि ऐसा क्यों हैं? आप यह भी देखेंगे कि पारसी उद्योपतियों का लाइफ स्टाइल कोई बहुत खचीर्ला भी नहीं होता। ये सादगी से जीवन व्यतीत करना पसंद करते हैं। अब रतन टाटा को ही लें। वे कोई सौ-दो करोड़ के आलीशान घर में नहीं रहते। कायदे से सभी धनी लोगों को रतन टाटा से प्रेरणा लेनी चाहिए।

खैर, हम अपने मूल विषय की तरफ वापस चलेंगे। सबसे आदर्श स्थिति यह होगी कि जब किसी कंपनी या समूह के प्रमोटरों में संपत्ति विवाद हो तो सारा मसला मध्यस्थता से हल कर लिया जाए। इस स्थिति के चलते कंपनी की ग्रोथ भी प्रभावित नहीं होगी और शेयर धारकों के हितों की रक्षा भी हो जाएगी।

दरअसल संपत्ति बंटवारे को लेकर होने वाले विवाद के मूल में एक बड़ा कारण यह भी होता कि कंपनी या समूह का चेयरमैन बनना। बेहतर होगा कि प्रोमोटर किसी पेशेवर को यह जिम्मेदारी दें कि वह कंपनी को चलाए। हां, प्रोमोटर अपने पेशेवर चीफ एक्जीक्यूटिव आफिसर (सीईओ) पर नजर रखे। उसे कंपनियों के लक्ष्यों के बारे में जानकारी देता रहे। अब देश की प्रमुख आईटी कंपनियों को ही ले लें। इनमें प्रमोटरों ने सीईओ पद पर पेशेवरों को नियुक्त कर दिया है। वह ही कंपनी का विस्तार कर रहा है और आगे लेकर जा रहा है। विप्रो, इंफोसिसस, टीसीएस, एचसीएल वगैरह में यही हो रहा है। इससे कंपनियों के विभाजन का कोई मसला नहीं आता।

## सोशल मीडिया से...

सच के हक में...



बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर शत-शत नमन। बाबा साहेब ने देश को ऐसा संविधान दिया जहां हर वर्ग, हर समाज, चाहे वो अमीर हो या गरीब - एक दूसरे को सम्मान देता है। आज का दिन हम सभी के लिए गौरव का दिन है। बाबा साहेब हम सभी के लिए गौरव के प्रतीक हैं।

जय भीम!

जय झारखण्ड!

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



तिसरी के बर्णवाल धर्मशाला में भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। सामाजिक समानता के संवाहक बाबासाहेब के आदर्श और विचार हमारे लोकतंत्र की आवश्यक शर्त है। आइए आज उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लें।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# डॉ. अंबेडकर के विचारों का क्रियान्वयन

प्रधानमंत्री बनते समय नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार को गरीबों वंचितों के प्रति समर्पित बताया था। वस्तुतः यह डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों की ही प्रेरणा थी। विगत नौ वर्षों से उनकी सरकार इसी दिशा में कार्य कर रही है। जन कल्याण की इतनी अधिक और व्यापक योजनाएं देश में पहले कभी लागू नहीं की गई थी। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जीवन यात्रा स्वयं में प्रेरणादायक रही है। इस यात्रा के अनेक पड़ाव थे। प्रत्येक में उनके व्यक्तित्व व कृतित्व की झलक थी। ऐसे में इन स्थानों पर गरिमापूर्ण स्मारक दशकों पहले बनने चाहिए थे। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के अलावा किसी अन्य ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। डॉ. आंबेडकर की प्रतिष्ठा में सर्वाधिक कार्य वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार ने किए हैं। इसमें उनके जीवन से संबंधित स्थलों का भव्य निर्माण भी शामिल है। इसके साथ ही दलित वर्ग के लोगों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ वंचित वर्ग को तक पहुंच रहा है। नरेन्द्र मोदी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच स्थानों को भव्य स्मारक का रूप प्रदान किया। इसमें लंदन स्थित आवास, उनके जन्मस्थान, दीक्षा स्थल, इंदुमिल मुम्बई और नई दिल्ली का अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थान शामिल है। यह अपने ढंग का अद्भुत संस्थान है, जिसमें एक ही छत के नीचे डॉ. आंबेडकर के जीवन को आधुनिक तकनीक के माध्यम से देखा-समझा जा सकता है। नरेन्द्र मोदी ने यह संस्थान राष्ट्र को समर्पित किया था। संयोग देखिये, इसकी कल्पना अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी और इसे पूरा नरेंद्र मोदी ने किया। बसपा के समर्थन से दस वर्ष चली यूपीए सरकार ने एक ईंट भी नहीं लगाई। मोदी ने निर्धारित सीमा में इसका निर्माण कार्य पूरा कर दिया। यह भी उल्लेखनीय है कि इन स्मारकों के निर्माण में भ्रष्टाचार आदि का कोई आरोप नहीं लगा, न मोदी ने कहीं भी अपना नाम या मूर्ति लगवाने का प्रयास किया। वे चाहते हैं कि भावी पीढ़ी महापुरुषों और संतों से प्रेरणा ले, जिन्होंने पूरा जीवन समाज के कल्याण में लगा दिया। नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की भावनाओं के अनुरूप भारत के निर्माण के लिए बिना भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया है। अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। पंच तीर्थों पर गरिमापूर्ण स्मारक दशकों पहले बनने चाहिए थे। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के अलावा किसी अन्य ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। अटल बिहारी वाजपेयी ने नई दिल्ली में उनके आवास को स्मारक रूप में विकसित करने का निर्णय लिया था। किंतु यूपीए सरकार ने इस योजना को अपनी कार्यशैली के अनुरूप लंबित सूची में बनाए रखा थ।. मोदी सरकार ने 2015 को आंबेडकर की एक सौ पच्चीसवीं जयंती वर्ष घोषित किया था। इस वर्ष डॉ. आंबेडकर से संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उनके जन्मदिन 14 अप्रैल को समरसता दिवस और 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया गया। अनुसन्धान हेतु सौ छात्रों को लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और कोलंबिया विश्वविद्यालय भेजने का निर्णय लिया गया। इन दोनों संस्थानों में डॉ. आम्बेडकर ने अध्ययन किया था।

## मुझे कुछ कहना है...



बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे देश में मनाई जा रही है। सामाजिक, राजनीतिक संस्थान के अलावा शैक्षिक संस्थानों में बाबा साहेब के व्यक्तित्व व उनके कृतित्व को याद किया जा रहा है। इसी कड़ी में यह कहना प्रासंगिक होगा कि बाबा साहेब मजबूत इरादों के शख्सियत थे। वे एक महान शिक्षाविद, विधिवेत्ता और समाज सुधारक थे। उन्होंने देश को एक ऐसा संविधान दिया, जो सभी वर्ग और तबके को सम्मान देता है। उनका व्यक्तित्व और विचार हर किसी के लिए अनुकरणीय है। उनके जीवन से यह भी सीख मिलती है कि संघर्ष ही सफलता की कुंजी है। छोटी-मोटी असफलताओं से निराश नहीं होना चाहिए। संघर्ष से सफलता जरूर मिलती है। सामाजिक सुधार एक सतत प्रक्रिया है न कि मंजिल, इसलिए अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहें। इसके अलावा डा. भीमराव अंबेडकर स्त्री शिक्षा को लेकर कितने चिंतित और गंभीर थे इसका अनुमान हम स्त्रियों की शिक्षा के लिए किए गए उनके प्रयासों से लगा सकते हैं। स्त्री शिक्षा को लेकर उनका स्पष्ट मत था कि किसी भी समाज की उन्नति का अनुमान उस वर्ग की महिलाओं की उन्नति को देखकर ही हो सकता है। शिक्षा, स्वच्छता, महत्वाकांक्षा, आत्मविश्वास, सीमित परिवार, पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना और बराबरी का अधिकार मांगना नारी के विशेष कर्तव्य हैं। संविधान नागरिकों को कैसे सशक्त बना सकता है। इसे जानने के लिए संविधान के सार और इसके निमार्ताओं की विचार प्रक्रिया को जानने की जरूरत है। देश के प्रत्येक नागरिक को भारत के संविधान और इससे संबंधित रिपोर्टों का अध्ययन करना चाहिए। बाबा साहेब ने देश को संविधान देकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव रखी, उनके पास ज्ञान का अकूत भंडार था इसके बावजूद उन्होंने सभी सुख और वैभव त्याग कर देश के निर्माण में खुद को समर्पित कर दिया।

**प्रवीण लोहिया, चैयरमैन, लॉ एंड ऑर्डर उपसमिति, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स।**

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना - रातू, जिला - रांची, झारखंड, पिन - 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक - **फहीम अख्तर*** (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स को हराने उतरेगी लखनऊ सुपरजाइंट्स



**लखनऊ (एजेंसी)।** आईपीएल के 16 वें सत्र में शनिवार को लखनऊ सुपरजाइंट्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला होगा। इस मुकाबले में सुपरजाइंट्स को घरेलू मैदान पर खेलने का लाभ मिलेगा। सुपरजाइंट्स इस मैच में जीत के साथ ही अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचने उतरेगी। वहीं पिछले दो मैचों में मिली हार से उबरकर पंजाब की टीम एक बार फिर जीत की राह पर आना चाहेगी। पंजाब की टीम को शुरुआती दोनो ही मैचों में जीत मिली थी पर इसके बाद के ओवरों में बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण उसे हार का सामना करना पड़ा। पंजाब की मुश्किल इसलिए बढ़ी है क्योंकि कप्तान शिखर धवन के अलावा उसका कोई भी अन्य बल्लेबाज रन नहीं बना पा रहा है। टीम के बल्लेबाज मध्य के ओवरों में तेजी से रन बनाने में विफल रहे हैं।

इसके अलावा टीम काफी गेंदों को खाली छोड़ रही है। पिछले मैच में ही उसने 56 गेंद खाली छोड़ी थी जिसमें टीम को सुधार करने की जरूरत है। धवन ने पहले तीन मैचों में 40, नाबाद 86 और नाबाद 99 रन की पारियां खेली थी पर टीम के अन्य बल्लेबाजों के प्रदर्शन में कमी है। युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया पर इसके बाद वह भी अगले मैचों में रन नहीं बना पाये। वहीं मैथ्यू शॉर्ट और जितेश शर्मा अच्छी शुरुआत के बाद भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाये हैं। बल्लेबाजों ने जहां पंजाब की चिन्ताएं बढ़ायी हैं। वहीं अर्शदीप सिंह, सैम कुरेन और अन्य गेंदबाजों ने अच्छा खेल दिखाया है। पिछले मैच में गेंदबाज ही गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार गेंदबाजी कर मैच को अंतिम ओवर तक ले गये थे। टीम के स्पिनरों हरप्रीत बरार और राहुल चाहर ने भी विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया है। वहीं दूसरी ओर लखनऊ की टीम लगातार तीसरी जीत दर्ज कर अंक तालिका में नंबर एक पर पहुंचना चाहेगी।


लखनऊ की परेशानी कप्तान लोकेश राहुल को खराब फार्म है पर उसके अन्य खिलाड़ी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में जहां ऋुणाल पंड्या ने गेंद और बल्ले से ऑलराउंड खेल दिखाया। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ निकोलस पूरन ने 19 गेंदों पर ही 62 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। लखनऊ के बल्लेबाजी क्रम में सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स के अलावा मध्यक्रम में मार्कस स्टोइनिस, पूरन और आयुष बडोनी जैसे खिलाड़ी हैं। ऑलराउंडर दीपक हुड्डा हालांकि अभी तक सफल नहीं हुए हैं। गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास तेज गेंदबाज मार्क वुड और आवेश खान है जबकि स्पिनर के तौर पर रवि बिश्नोई, अमित मिश्रा हैं। कुल मिलाकर देखा जाये तो लखनऊ टीम बेहद संतुलित है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**पंजाब किंग्सः** शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राहुल चाहर, सैम कुरेन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, गुरनूर बराड़, हरप्रीत बराड़, हरप्रीत सिंह, विद्वाथ कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबाडा , भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा, शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा, अथर्व तायदे।

**लखनऊ सुपरजाइंट्सः** केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पंड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।

# जोकोविच को मुसेटी ने हराया, लगातार तीसरे साल मोंटेकार्लो मास्टर्स से जल्दी बाहर



**मोनाको (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच लगातार तीसरे साल मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गए। एक महीने के विश्राम के बाद क्ले कोर्ट पर सत्र का अपना दूसरा मैच खेलने वाले शीर्ष रैंकिंग के जोकोविच को गुरुवार को खेले गए मैच में लोरेंजो मुसेटी ने 4-6, 7-5, 6-4 से हराया।

सर्बिया का यह खिलाड़ी अब भी क्ले कोर्ट पर सामंजस्य बिठाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आठ बार अपनी सर्विस गंवाई और इटली के अपने प्रतिद्वंदी के बेसलाइन के शॉट का उनके पास कोई जवाब नहीं था। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो जिस तरह का खेल मैंने आज दिखाया उससे मुझे बहुत बुरा लग रहा है।'

मोंटेकार्लो में दो बार के चैंपियन जोकोविच पिछले साल फ्रांस के कोटे डीजूर से पहले दौर में हार गए थे जबकि 2021 में और तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। सोलहवीं वरीयता प्राप्त मुसेटी क्वार्टर फाइनल में यानिक सिनर से भिड़ेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त सिनर ने दूसरे सेट में एक मैच प्वाइंट बचाकर 10वीं वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्कज को 3-6, 7-6 (6), 6-1 से हराया।

तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने भी निर्णायक टाईब्रेकर में दो मैच प्वाइंट बचाए और अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 3-6, 7-5, 7-6 (7) से हराया। मेदवेदेव दूसरी बार इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। उनका सामना अब होल्गर रूने से होगा। एक अन्य मैच में जर्मन क्वालीफायर जैन लेनार्ड स्ट्रफ ने चौथी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-1, 7-6 (6) से उलटफेर का शिकार बनाया। स्ट्रफ का अगला मुकाबला 2021 के उपविजेता आंद्रे रुबलेव से होगा, जिन्होंने करेन खाचानोव को 7-6 (4), 6-2 से हराया। दो बार के गत चैंपियन स्टेफानोस सितसिपास ने निकोलस जैरी को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी।

# हमीरपुर में खेलों के आयोजन की अच्छी संभावनाएं : ठाकुर



**हमीरपुर (एजेंसी)।** हिमाचल के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर में खेलों के आयोजन की अच्छी संभावनाएं हैं। इसी को देखते हुए इस जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में खेल सुविधाओं को और बढ़ाया जा रहा है। ठाकुर ने यहां साइ के एनसीओई में बैडमिंटन कोर्ट, मैट हॉल, जूडो हॉल और मुक्केबाजी हॉल का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। ठाकुर ने कहा कि उत्कृष्टता केंद्र में आधुनिक सुविधाएं होने पर खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण की सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता केंद्र का विस्तार किया जाएगा और यदि जमीन उपलब्ध होती है तो यहां कम से कम 20 खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं तथा छात्रावास की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने युवाओं से इन सुविधाओं का लाभ उठाते हुए खेलों के क्षेत्र में आगे आने को कहा।

ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया पहल के तहत अगले पांच वर्षों में खेल सुविधाओं पर ही करीब 3200 करोड़ रुपए खर्च कर इनका विकास किया जाएगा जिससे युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया पहल के तहत भारत में अगले पांच साल में खेल सुविधाओं पर करीब 3200 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सरकार हर राज्य में खेल सुविधाओं पर काम करेगी। ठाकुर ने सिंथेटिक ट्रैक एवं अन्य खेल सुविधाओं को लेकर कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय उद्यमियों, स्वयंसेवकों, खेल प्रेमियों और समाज के प्रमुख लोगों को आगे आना चाहिए।

# फैंस के बीच डब्ल्यूपीएल की भी बढ़ेगी लोकप्रियता, बीसीसीआई ने आईपीएल की तरह तैयार किया खास प्लान



**मुम्बई (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) अगले संस्करण से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तरह 'होम-अवे' प्रारूप में बड़ी 'विंडो' के साथ संभवतः फरवरी में खेली जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) में एक सूत्र ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। टूर्नामेंट का शुरुआती चरण मुंबई में दो स्थलों में चार से 26 मार्च तक खेला गया था। इस महीने के शुरु में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चेयरमैन अरुण धूमल ने पीटीआई को बताया था कि डब्ल्यूपीएल अगले तीन सत्र के लिए पांच टीमों का टूर्नामेंट रहेगा और यह 'होम एंड अवे' (घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान) प्रारूप में खेला जायेगा क्योंकि प्रशंसक बनाने के लिए यह अहम होता है।

बीसीसीआई के सूत्र ने हालांकि कहा कि लीग को टीयर-2 शहरों जैसे इंदौर में ले जाना मुश्किल होगा क्योंकि इनके नाम पर डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी नहीं है। सूत्र ने कहा कि चर्चा यह भी चल रही है कि डब्ल्यूपीएल को साल के अंत तक स्थगित कर दिया जाये ताकि इसे दिवाली के समय आयोजित किया जाये लेकिन अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। वहीं भारत-पाकिस्तान के विश्व कप स्थल और एशिया कप स्थल पर चर्चा अब भी जारी है। बीसीसीआई एशिया कप 2023 में भागीदारी को लेकर और विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के भारत में मैचों पर भारत सरकार के निर्देशों का इंतजार करेगा।

सूत्र के अनुसार सभी सदस्य इस मामले पर चर्चा कर रहे हैं और अंतिम फैसला इसके बाद ही लिया जायेगा। पीटीआई ने पहले बताया था कि पाकिस्तान के ज्यादातर विश्व कप मैच चेन्नई और कोलकाता में हो सकते हैं क्योंकि टीम अपने पिछले दौरों पर इन दो स्थलों पर सुरक्षित महसूस कर रही थी। बीसीसीआई को उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट टीम के लिए मुख्य चयनकर्ता की नियुक्ति अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले कर ली जायेगी जिसके जून में ओवल में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के बाद होने की उम्मीद है। यह पद इस साल फरवरी में चेतन शर्मा के इस्तीफे के बाद से खाली पड़ा है।

बीसीसीआई को साथ ही भरोसा है कि भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह विश्व कप 2023 के लिए फिट होंगे जो पीठ की चोट के कारण क्रिकेट से बाहर हैं। भारत साल के अंत में अक्टूबर-नवंबर में 50 ओवर के टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा और इसके कार्यक्रम के जल्द ही आने की उम्मीद है। सूत्र ने साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि बोर्ड भारत के सक्रिय खिलाड़ियों को दुनिया भर में विभिन्न टी20 लीगों में हिस्सा नहीं लेने देने की नीति जारी रखेगा।

# डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ नहीं मिले यौन उत्पीड़न के सबूत : रिपोर्ट


नई दिल्ली । भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लगे धमकी देने और यौन शोषण के मामले में अब तक कोई ठोस सबूत नहीं मिलने के संकेत एक रिपोर्ट से मिले हैं। बृजभूषण पर कई पहलवानों ने शोषण के आरोप लगाये थे। उनके खिलाफ आरोप लगाने वाले पहलवानों में विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक भी शामिल थे। इन पहलवानों ने कुश्ती महासंघ के प्रमुख के खिलाफ कई आरोप लगाने के साथ ही जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन भी किया था। पहलवानों ने कहा था कि महासंघ को भंग कर बृजभूषण को अध्यक्ष पद से हटा दिया जाए। इसी के बाद खेल मंत्रालय ने महान मुक्केबाज एमसी मेरीकोम की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय निगरानी समिति का गठन किया था और उसे एक महीने में अपनी रिपोर्ट देने को कहा था। बाद में सह समय सीमा दो सप्ताह के लिए और बढ़ा दी गई और प्रदर्शनकारी पहलवानों की मांग पर बबीता फोगाट को जांच पैनल में छठे सदस्य के रूप में शामिल किया गया। समिति ने अप्रैल के पहले सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंप पर खेल मंत्रालय ने अभी इसे सार्वजनिक नहीं किया है पर एक रिपोर्ट के अनुसार महासंघ प्रमुख के खिलाफ अब तक कोई बड़ा सबूत नहीं मिला है। इसमें कहा गया है कि डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को पहलवान साबित नहीं कर सके हैं।

# अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट पर रहेगा शुभमन गिल का दबदबा : हेडन



नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि बड़े स्कोर बनाने की अपनी काबिलियत के कारण शुभमन गिल का अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट में दबदबा रहेगा। तेईस वर्षीय गिल अभी तक टेस्ट मैचों में दो, वनडे में चार और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक शतक लगा चुके हैं। उनकी 49 गेंदों पर खेली गई 67 रन की शानदार पारी से गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया। हेडन उन कई लोगों में शामिल हैं जो गिल के खेल पर नियंत्रण बनाए रखने के कौशल से प्रभावित हैं। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, '' गुजरात टाइटंस को पंजाब किंग्स के अच्छे गेंदबाजी आक्रमण के सामने लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी ऐसे बल्लेबाज की जरूरत थी जो जिम्मेदारी संभालकर आखिर तक टिका रहे और शुभमन गिल ने यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई।'' उन्होंने कहा, '' उसके कुछ शॉट ने आंखों को सुकून पहुंचाया। वह इतना अच्छा खिलाड़ी है के अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट में उसका दबदबा रहने वाला है।

# दोहा डाइमंड लीग में स्वर्ण जीतने के इरादे से उतरेंगे नीरज , पीटर्स और वाडलेच



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अगले माह दोहा में पांच मई को होने वाली डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ ही नये सत्र की शुरुआत करेंगे। नीरज ने गत वर्ष भी सितंबर में डाइमंड लीग का खिताब जीता था। नीरज के अलावा अलावा विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक रजत पदक विजेता याकुब वाडलेच भी 14 चरण की इस सत्र की इस पहली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। पिछले साल स्टॉकहोम में डाइमंड लीग प्रतियोगिता में रजत पदक की जीत के दौरान 89.94 मीटर भाला फेंककर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चोपड़ा अभी तुर्की में अभ्यास कर रहे हैं। वह अभ्यास के लिए 31 मई तक वहीं रहेंगे।

नीरज चोटिल होने के कारण ही दोहा 2022 डाइमंड लीग में भी शामिल नहीं हुए थे। वहीं एंडरसन ने 93.07 मीटर की दूरी के साथ खिताब जीता था जो इतिहास की पांचवीं सबसे लंबी दूरी थी। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वाडलेच 90.88 मीटर के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तब दूसरे स्थान पर रहे थे। इस तिकड़ी के अलावा दोहा प्रतियोगिता में यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर, त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकोट, पूर्व विश्व चैंपियन और 2016 ओलंपिक रजत पदक विजेता कीनिया के जूलियस येगो भी भाग लेंगे। चोपड़ा की नजरें यहां जीत के साथ ही इस साल 90 मीटर के लक्ष्य को हासिल करने पर टिकी हैं। चोपड़ा ने कहा, ''मैं 90 मीटर की दूरी के करीब पहुंच रहा हूं इसलिए इसे हासिल करना मेरे लिए काफी मायने रखता है।'' उन्होंने कहा, ''पिछला साल मेरे लिए अच्छा था जहां विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ मैंने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वांडा डाइमंड लीग जीती। यह साल नए मौके लेकर आएगा। इन गर्मियों में मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप के साथ एशियाई खेल हैं और वांडा डाइमंड लीग खिताब का बचाव भी करना है।''

# अमन सहरावत ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता



नई दिल्ली। अमन सहरावत ने सीनियर स्तर पर प्रभावी प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां 57 किग्रा वर्ग में किर्गिस्तान के अल्माज समानबेकोव को हराकर भारत को एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। सहरावत ने फाइनल में समानबेकोव को 9-4 से शिकस्त दी। दिल्ली के प्रतिष्ठित छत्रसाल स्टेडियम में ट्रेनिंग करने वाले सहरावत ने क्वार्टर फाइनल में जापान के रिकुतो अराई को 7-1 से हराने के बाद सेमीफाइनल में चीन के वानहाओ झू को 7-4 से शिकस्त दी। पिछले साल अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले सहरावत ने 2023 सत्र में दूसरा पोडियम स्थान हासिल किया। उन्होंने फरवरी में जागरेब ओपन में भी कांस्य पदक जीता था। दो अन्य भारतीय पहलवान भी गुरुवार को कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहे। दीपक कुकना (79 किग्रा) और दीपक नेहरा (97 किग्रा) अपने सेमीफाइनल मुकाबले हारने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे। अनुज कुमार (65 किग्रा) और मुलायम यादव (70 किग्रा) पदक दौर में जगह बनाने में नाकाम रहे। भारत ने अब तक प्रतियोगिता में 12 पदक जीते हैं। ग्रीको रोमन पहलवानों ने चार पदक जीते जबकि महिला पहलवानों ने सात पदक अपने नाम किए।

# आईपीएल 2023 में ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की जंग में ये खिलाड़ी है शामिल, यहां जाने कौन बनेगा दावेदार

**चेन्नई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे अधिक रन बनाने और सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी को टूर्नामेंट के अंत में खास खिताब मिलता है। इस बार आईपीएल के मुकाबले बेहद दमदार होते जा रहे है। आईपीएल में हमेशा ही दोनों कैप को लेकर कासी रोचक जंग देखने को मिलती है।

## ये है ऑरेंज कैप के दावेदार

इस बार ऑरेंज कैप के लिए कई खिलाड़ी दावेदार है। इसमें सबसे ऊपर शिखर धवन का नाम है। शिखर धवन ने चार पारियों के खेलते हुए दो बार नॉट आउट रहकर सबसे अधिक 233 रन बनाए है। अपनी पारियों में वो दो अर्धशतक जड़ चुके है। आईपीएल में सबसे अधिक रन 99 नॉटआउट भी शिखर धवन ने ही बनाने है। इस खिताब को पाने के लिए शिखर को डेविड वार्नर (209) और जोस बटलर (204) से भी कड़ी चुनौती मिल रही है। ऋतुराज गायकवाड़ (197) और शुभमन गिल (183) भी ऑरेंज कैप के लिए दावेदारी ठोक सकते है।

## ये है पर्पल कैप के दावेदार

आईपीएल में ऑरेंज कैप के बाद पर्पल कैप दी जाती है जो की सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज को मिलती है। इस समयनीस लिस्ट में युजवेंद्र चहल का नाम सबमसे ऊपर है। चहल अब तक 10 विकेट चटका चुके है। पर्पल कैप की लिस्ट में राशिद खान और मार्क वुड भी शामिल है।



# यूरोपा लीग : मैनचेस्टर यूनाइटेड ने सेविला से 2-2 से ड्रॉ खेला



मैनचेस्टर। मार्सेल सेबिजर के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाइटेड यूरोपा लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम आगे बढ़ा रहा था लेकिन अंतिम क्षणों की चूक के कारण उसे सेविला से क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-2 से ड्रॉ खेलना पड़ा। सेबिजर ने 14वें और 21वें मिनट में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था लेकिन टाइरेल मलासिया ने 84वें मिनट में आत्मघाती गोल कर दिया। इसके बाद हैरी मैग्वायर ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में बराबरी का गोल दागा। क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण अगले सप्ताह स्पेन में खेला जाएगा। इस बीच मैट्स वीफर के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से फेयेनोर्ड ने यूरोपा लीग के पहले चरण के क्वार्टर फाइनल मैच में रोमा को 1-0 से हराया। युवेंटस ने क्वार्टर फाइनल चरण के पहले मैच में डिफेंडर फेडेरिको गट्टी के 73वें मिनट में किए गए गोल से स्पोर्टिंग लिस्बन को 1-0 से पराजित किया।

# रूस और बेलारूस के साथ नहीं खेंलेगे यूक्रेन के एथलीट, सरकार ने लगाया प्रतिबंध

**मॉस्को (एजेंसी)।** यूक्रेन सरकार ने अपने एथलीटों पर रूस और बेलारूस के एथलीटों के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिकृत सूत्रों के अनुसार यूक्रेन के युवा और खेल मंत्रालय ने यूक्रेनी एथलीटों को रूसी और बेलारूसी एथलीटों के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। खेल मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित हुए इस फरमान पर उप खेल मंत्री मत्वी बिदनी के हस्ताक्षर हैं।

मंत्रालय के अपने फरमान में लिखा कि यूक्रेन की राष्ट्रीय टीमों के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडलों को अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जा रहा है, जिसमें रूस और बेलारूस के एथलीट भाग ले रहे हैं। यूक्रेनी मंत्री और राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य ओलेह नेमचिनोव ने मार्च के आखिरी सप्ताह में कहा था कि यूक्रेन सरकार ने अपने एथलीटों को 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित करने का फैसला किया है, क्योंकि इस प्रतियोगिताओं में रूसी एथलीट भी हिस्सा लेंगे।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि यूक्रेन के एथलीटों को रूसियों के साथ टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने से रोकने के कीव के फैसले से केवल यूक्रेनी खेलों को नुकसान होगा और यह यूक्रेनी एथलीटों की मनोदशा पर असरकारक होगा। ओलंपियन कंकाल रेसर व्लादिस्लाव हेरास्केविच सहित कुछ यूक्रेनी एथलीटों ने प्रतिबंध की आलोचना करते हुए कहा कि इससे यूक्रेनी खेलों पर बेहद बुरा असर पड़ेगा।

उन्होंने ट्विटर पर लिखा, अगर यूक्रेनी प्रतिनिधि प्रतियोगिताओं में उपस्थित नहीं होते हैं, तो हम अंतरराष्ट्रीय खेल मैदानों को पूरी तरह से खाली कर देते हैं और रूसी/बेलारूसी प्रतिनिधियों को उनके आख्यानों और प्रचार को बढ़ावा देने का अवसर देते हैं। मंत्रालय ने निर्देश दिया कि उनके आदेश का अनुपालन किया जाए। मंत्रालय के आदेश का उल्लंघन करने की स्थिति में यूक्रेन के खेल संघ राष्ट्रीय महासंघ के दर्जे से वंचित हो जाएंगे। आदेश में रूसी और बेलारूसी एथलीटों के भाग लेने पर टूर्नामेंट से यूक्रेनी एथलीटों के प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलाने का भी प्रावधान है।



गौरतलब है कि आईओसी के प्रमुख थॉमस बाक ने 28 मार्च को कहा था कि आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय खेल संघों की सिफारिश की थी कि रूसी और बेलारूसी एथलीटों को तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी जाए, लेकिन अगर वे यूक्रेन में चल रहे सैन्य अभियान का समर्थन करते हैं तो उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं होगी।



# राधिका ने बताई करियर की शुरुआत में टाइपकास्ट होने की वजह

सेक्रेड गेम्स एक्ट्रेस राधिका आप्टे ने करियर के शुरुआती दिनों में अपने टाइपकास्ट किए जाने पर बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि एक समय था जब उन्हें अपनी बॉडी को लेकर लोगों से तरह-तरह के कमेंट सुनने पड़ते थे। मीडिया को दिए इंटरव्यू में राधिका ने कहा कि वो अब इस तरह के कमेंट बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करती हैं। अगर अब कोई ऐसा करता है तो वो उसे काम से निकाल देना चाहेंगी।राधिका ने अपने स्ट्रगल के दिनों और फिल्म इंडस्ट्री में उनके साथ हुए अन्याय को याद किया। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है कि ये इंडस्ट्री सभी अनैतिक लोगों से भरी हुई है। अपने स्ट्रगल पीरियड को याद करते हुए राधिका ने कहा- 'लोगों की धारणाएं बहुत अजीब होती हैं। फिल्म बदलापुर से पहले लोग यही सोचते थे कि मैं महज गांव की लड़की के कैरेक्टर प्ले कर सकती हूं। बदलापुर के बाद लोगों को लगने लगा कि मैं केवल सेक्स कॉमेडी ही कर सकती हूं। मैं बस कपड़े उतार सकती हूं। यह देखकर मैं रुक गई, मैंने इस तरह के कैरेक्टर्स फिर कभी नहीं किए। राधिका ने आगे कहा- 'मैंने एक फिल्म खो दी क्योंकि मेरा वजन 3-4 किलो ज्यादा था। बीच-बीच में कुछ लोग आपकी बॉडी पर ऐसे कमेंट करते हैं, जैसे यह उनका अधिकार हो। पिछले कुछ सालों में जागरूकता की वजह से हम इस बारे में खुलकर बात कर सकते हैं। हम कह सकते हैं- अगर आपने मुझसे फिर से ऐसा कहा तो मैं पूरी कोशिश करूंगी कि आपको प्रोजेक्ट से बाहर निकाल दिया जाए।'

### राधिका ने अवॉर्ड शोज की सच्चाई बताई

राधिका ने बताया कि बाकी सेलेब्स के जैसे उन्हें अवॉर्ड शोज में पब्लिक अपियरेंस देना नहीं पसंद है। उन्होंने कहा- हाल ही में मुझसे पूछा गया था कि क्या मैं अवॉर्ड शो में पार्ट लेना चाहूंगी। क्योंकि मैं 'मोनिका ओह माय डार्लिंग में अपनी परफॉर्मेंस के लिए अवॉर्ड जीत रही थी। मुझे बताया गया कि मैं यह अवॉर्ड तभी जीतूंगी, जब वहां प्रेजेंट रहूंगी। मैंने उन्हें उनका अवॉर्ड रखने के लिए कहा और ईवेंट में जाने से इनकार कर दिया।



# आदिपुरुष एक्टर सनी ने की प्रभास की तारीफ

एक्टर सनी सिंह जल्द ही फिल्म आदिपुरुष में नजर आएंगे। फिल्म में उनके साथ प्रभास भी लीड रोल में हैं। इसमें उन्होंने लक्ष्मण का किरदार निभाया है। अपने किरदार को लेकर सनी ने बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि आखिर कैसे वो आदिपुरुष का हिस्सा बने। यह बड़ी ही रोचक कहानी है, क्योंकि मैं ओम सर को पहले से ही जानता था। दरअसल, मेरे पिताजी भी इंडस्ट्री में पिछले 40 सालों से एक्शन डायरेक्टर हैं। ओम सर जब इस फिल्म के लिए लक्ष्मण के किरदार में फिट बैठने वाला एक्टर ढूंढ रहे थे, तब इस रोल के लिए काफी लोगों के नाम सामने आए थे। उन्होंने मेरी फिल्म सोनू की टीटू की स्वीटी का कोई सीन और साथ ही मेरा पिछला काम भी देखा होगा, तो उन्हें लक्ष्मण के किरदार के लिए मैं पसंद आया। तब उन्होंने मुझे बुलावा भेजा। इसके बाद हमारी मीटिंग हुई। तब उन्होंने अचानक मुझे सरप्राइज दिया कि सनी तुम आदिपुरुष में काम करने वाले हो और इस तरह मुझे लक्ष्मण का किरदार मिला।



# पलक तिवारी ने किया खुलासा, फिल्म के सेट पर औरतों के लिए सलमान का अनोखा नियम

पलक तिवारी ने किसी का भाई किसी की जान के अलावा सलमान खान की फिल्म अंतिम के सेट पर भी काम किया था। वो महेश मांजरेकर के साथ बतौर असिस्टेंट काम कर रही थीं। तब उन्हें पता चला था कि सेट पर औरतों के लिए सलमान के एक अलग नियम थे। फेमस टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी, सलमान खान की अपकमिंग मूवी किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। उन्होंने सलमान संग काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि सेट पर सलमान का महिलाओं के लिए एक नियम होता है, जो उन्होंने अंतिम की शूटिंग के दौरान देखा था। पलक ने फिल्म में महेश मांजरेकर की असिस्टेंट के रूप में काम किया था। श्वेता तिवारी की बेटी ने इंटरव्यू में सिद्धार्थ कन्नन को बताया कि सलमान खान का एक नियम था कि उनके सेट पर महिलाओं को कैसे कपड़े पहनने चाहिए।

पलक ने कहा, जब मैं अंतिम पर सलमान सर के साथ विज्ञापन कर रही थी, तो मुझे नहीं लगता कि बहुत से लोग यह जानते हैं, सलमान सर का एक नियम था कि कोई भी लड़की मेरे सेट पर, नेकलाइन यहां (ऊपर) होनी चाहिए। सभी लड़कियां कवर होनी चाहिए, अच्छी लड़कियों की तरह। तो मेरी मां ने मुझे सेट पर प्रॉपर शर्ट, जॉगर और पूरी तरह से कवर होकर जाते हुए देखा। वो कहने लगीं कि कहां जा रही हो? इतना अच्छे से तैयार होकर? मैंने कहा कि सलमान सर के सेट पर जा रही हूं। तो उन्होंने कहा- बहुत बढ़िया। वो हमेशा कहते हैं कि मेरी लड़कियों की हमेशा रक्षा की जानी चाहिए। अगर आसपास आदमी होते हैं, जिन्हें वो (महिलाएं) पर्सनली नहीं जानती हैं तो ये उनका पर्सनल स्पेस नहीं है। वो हर किसी पर भरोसा नहीं करते। वो कहते हैं, लड़की को हमेशा सुरक्षित रहना चाहिए।

## राजामौली की अगली फिल्म

# महेश बाबू के साथ

महेश बाबू अपने परिवार के साथ एक अच्छे ब्रेक का आनंद ले रहे हैं, लेकिन अब जो सबसे ज्यादा खबरों में है, वह SSMB 29 है, जो निर्देशक एसएस राजामौली के साथ उनकी महान कृति है। तेलुगु स्टार SSMB 29 के लिए त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ शूटिंग कर रहे हैं और पहले ही एक शेड्यूल पूरा कर चुके हैं। इस फिल्म में पूजा हेगड़े और श्रीलीला भी हैं। हालाँकि, इस समय हॉट टॉपिक SSMB 29 है और इस फिल्म के बारे में कुछ रोमांचक तथ्य हैं जिनके बारे में आप नहीं जानते होंगे। एक बड़ी खबर आ रही है कि एसएस राजामौली दीपिका पादुकोण, जान्हवी कपूर और हॉलीवुड अभिनेत्री जेनी ओर्टेगा को प्रमुख महिलाओं के रूप में चाहते हैं। लेकिन और भी बहुत कुछ है! महेश बाबू कथित तौर पर SSMB 29 में हनुमान से प्रेरित एक भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म, जैसा कि एसएस राजामौली ने पहले बताया था, में इंडियाना जोन्स जैसा अहसास है और इसे अफ्रीकी जंगलों में शूट किया जाएगा। जैसा कि हम जानते हैं, हनुमान महाकाव्य, रामायण में एक प्रमुख व्यक्ति थे, और उन्होंने आसानी से दुनिया भर की यात्रा की और उनके पास तारकीय शक्ति भी थी। हनुमान सिर्फ एक छलांग में भारत से श्रीलंका और हिमालय की यात्रा कर गए और हम महेश बाबू को भी किसी चीज की तलाश में दुनिया की यात्रा करते हुए देखने जा रहे हैं। एसएस राजामौली की पिछली कुछ फिल्मों के विपरीत, जैसे बाहुबली और आरआरआर में, जहां हमने दो बड़े नायकों को देखा, यह फिल्म केवल महेश बाबू के इर्द-गिर्द घूमेगी।

# 'सास बहु और फ्लेमिंगो' में नजर आएंगी डिंपल कपाड़िया

जल्द ही डिंपल कपाड़िया, ईशा तलवार, राधिका मदन और अंगीरा धर डायरेक्टर होमी अदजानिया की वेब सीरीज 'सास बहू और फ्लेमिंगो' में नजर आएंगी। ईशा तलवार ने सोशल मीडिया पर सीरीज का ट्रेलर शेयर किया है। ये सीरीज 5 मई को हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

### फैमिली ड्रामा में गन और खून जैसे एलिमेंट भी

सीरीज के मेकर्स के मुताबिक इस सीरीज की कहानी एक बहुत ही स्ट्रिक्ट सास और दो भोली सी लगने वाले बहूओं की कहानी है। लेकिन, इन तीनों महिलाओं का करैक्टर काफी स्ट्रॉन्ग और पॉवरफुल है। इस फैमिली ड्रामा में गन और खून जैसे एलिमेंट भी देखने को मिलेंगे। इस शो में पॉपुलर टीवी सीरियल 'क्यूंकि सास भी कभी बहू थी' को काफी ट्विस्ट किया गया है। इस बार ये महिलाएं बंदूक उठाएंगी और चलाएंगी भी।

### रेगुलर सास-बहू शो से हटके है ये सीरीज


शो का ट्रेलर 'क्यूंकि सास भी कभी बहू थी' की पॉपुलर ट्यून के साथ ही शुरू होता है। ट्रेलर के शुरू होते ही ऐसा लगता है कि ये रेगुलर टीवी सोप होगा लेकिन म्यूजिक के साथ ही डिंपल कपाड़िया हाथ में गन लेकर एंट्री करती हैं और फैमिली गेट टूगेदर के बीच गोली चलाती हैं। इसके बावजूद भी राधिका मदन के चेहरे पर डर या घबराहट का एक्सप्रेशन नहीं है। इससे ये क्लियर हो जाता है कि ये सिर्फ एक फैमिली ड्रामा होने से कहीं ज्यादा है।

### ये शो आम लोगों को भी खास बनाता है

डिंपल कपाड़िया ने सीरीज के बारे में मीडिया से बात करते हुए बताया- 'सास बहु और फ्लेमिंगो' एक ऐसी कहानी हिया जो आम लोगों को भी खास बनाती है। ये स्ट्रोंग और पॉवरफुल महिलायों का ग्ररुप है जो एक नैरेटिव सेट कर रही हैं। ज्यादातर ये काम मेल करैक्टर्स करते हैं। लेकिन, आप मेरा यकीन मानिए इस सीरीज में आपको काफी मजेदार करैक्टर देखने को मिलेंगे। ये शो उतना ही वाइल्ड और डेंजरस है जितना डायरेक्टर होमी अदजानिया का दिमाग और उनकी स्टोरी टेलिंग। उन्होंने अपने मन में फैमिली ड्रामा का कांसेप्ट ही बदल दिया है।




# जुबली में अपने किरदार को लेकर बोले अपारशक्ति



बॉलीवुड एक्टर अपारशक्ति खुराना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज जुबली को लेकर छाए हुए है। प्राइम वीडियो की हिट सीरीज जुबली में अपारशक्ति खुराना ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। इस सीरीज में अपारशक्ति के अलावा अदिति राव हैदरी, सिद्धांत गुप्ता, प्रोसेनजीत चटर्जी जैसे स्टार्स शामिल है। इस सीरीज में सिनेमा के जुबली पीरियड की कहानी को दिखाया गया है। इस सीरीज में अपारशक्ति खुराना लीड कैरेक्टर बिनोद दास का किरदार निभा रहे हैं। अपने नए बहुप्रशंसित प्रदर्शन के साथ, अपारशक्ति ने बिनोद की इस यात्रा को दर्शाते हुए इसे पार्क से बाहर कर दिया है - मदन कुमार के रूप में स्टारडम की सीढ़ी पर चढ़ने के लिए स्टूडियो में एक वर्कर के तौर पर शुरुआत किया। अपारशक्ति ने कहा, मुझमें और मेरे किरदार बिनोद के बीच एक अजीब वास्तविक जीवन संबंध है। 21-22 साल की उम्र में मैंने एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर के रूप में अपने करियर की शुरूआत की।

लेकिन मैं हमेशा से अपना करियर बदलकर एक होस्ट के रूप में टीवी पर काम करना चाहता था, इसलिए, कॉस्ट्यूम स्टाइलिस्ट के रूप में मैं एक टेलीविजन चैनल में शामिल हो गया और वहां अपने तरीके से काम किया। उन्होंने कहा, टीवी होस्ट के रूप में मैंने एक शो के लिए ऑडिशन दिया और सौभाग्य से, मुझे उस शो लिए चुन लिया गया और उसके बाद मेरी यात्रा वहां से शुरू हुई। जुबली में भी, मैं श्रीकांत रॉय (प्रोसेनजीत चटर्जी) के स्टूडियो में एक कर्मचारी के रूप में अपने करियर शुरू करता हूं, जहां मैं एक असिस्टेंट के रूप में काम करता हूं, लेकिन अंदर से एक अभिनेता बनने की ख्वाहिश रखता हूं। मेरे लिए वह छोटा सा जुड़ाव इस भूमिका को बेहतर तरीके से निभाने के लिए एक प्रेरणा श्रोत की तरह काम किया। विक्रमादित्य मोटवाने द्वारा निर्देशित और सौमिक सेन और विक्रमादित्य मोटवाने द्वारा रचित, जुबली को रिलायंस एंटरटेनमेंट और फेंटम स्टूडियो के सहयोग से एंडोलन फिल्म्स द्वारा निर्मित किया गया है।

# राउडी राठौर 2 से हुई अक्षय कुमार की छुट्टी




बॉलीवुड में इन दिनों कई सुपरहिट फिल्मों का सीक्वल बन रहा है। हाल ही में हेरा फेरी के सीक्वल की घोषणा हुई है। वहीं अब राउडी राठौर के सीक्वल की भी खबर सामने आई है। खबरें आ रही है कि राउडी राठौर में अक्षय कुमार की जगह किसी दूसरे एक्टर की एंट्री होने वाली है। चर्चा है कि राउडी राठौर 2 में अक्षय कुमार की जगह सिद्धार्थ मल्होत्रा पुलिस वाले का किरदार निभाते दिखेंगे। रिपोर्ट के अनुसार फिल्ममेकर शबीना खान कुछ समय से फिल्म राउडी राठौर 2 को बनाने के लिए प्रयास कर रही हैं। शबीना खान ने सिद्धार्थ मल्होत्रा को अप्रोच किया है। वहीं सिद्धार्थ मल्होत्रा ने भी इस फिल्म के लिए दिलचस्पी दिखाई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म का निर्माण शबीना खान और संजय लीला भंसाली द्वारा किया जाएगा। मेकर्स अगले 2 महीने में फिल्म को फ्लोर पर लाने की तैयारी कररहे हैं। वहीं फिल्म को निर्देशन करने के लिए बॉलीवुड के एक दिग्गज निर्देशक संग बातचीत की जा रही हैं। बता दें कि साल 2012 में रिलीज हुई राउडी राठौर में अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में अक्षय ने डबल रोल निभाए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी।

# आर्मी ऑफिसर के किरदार में नजर आए वाले हैं शाहरुख




शाहरुख खान पहली बार राजकुमार हिरानी संग काम कर रहे हैं। अब इस फिल्म से जुड़ा बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि स्त्र्ख स्क्रीन पर फिर से आर्मी ऑफिसर के रोल में नजर आने वाले हैं। यानी वो फिर से पर्दे पर वर्दी में दिखेंगे। पठान के बाद फैंस शाहरुख खान की अपकमिंग मूवीज को लेकर बहुत एक्साइटेड हैं। उनके पास जवान से लेकर टाइगर वर्सेज पठान तक, कई बड़ी फिल्में हैं। फिलहाल, वो साउथ डायरेक्टर एटली की जवान और राजकुमार हिरानी की डंकी की शूटिंग तय समय पर खत्म करना चाहते हैं। अब डंकी को लेकर नया अपडेट सामने आ रहा है कि इस फिल्म के लिए वो आर्मी ऑफिसर के किरदार में नजर आए वाले हैं। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शाहरुख खान ने खुद कहा था कि डंकी उन लोगों की कहानी है, जो घर वापस आना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान डंकी फिल्म में एक आर्मी ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। सूत्र ने बताया, शाहरुख फिर से वर्दी पहनने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। वास्तव में अगर आप अनाउंसमेंट का वीडियो देखते हैं तो पैंट से लेकर टीशर्ट तक, यानी लुक से एक हिंट मिलता है। ये ऐसा लुक है, जिसे सेना के जवान ट्रैवल करते समय या आराम करते समय पहनते हैं।

**डंकी से बड़ा अपडेट आया सामने!**

### पहले भी स्क्रीन पर पहन चुके हैं वर्दी

इससे पहले शाहरुख खान ने स्क्रीन पर कई बार वर्दी पहनी है। वो फौजी, मैं हूं ना और जब तक है जान में ऐसा कर चुके हैं। फैंस को उनका वर्दी वाला लुक काफी पसंद है।

### इसी साल रिलीज हो सकती है फिल्म

डंकी की बात करें तो इसे अभिजात जोशी ने लिखा है और ये इसी साल दिसंबर महीने में रिलीज हो सकती है। हालांकि, इसकी रिलीज में थोड़ा बदलाव हो सकता है, क्योंकि शाहरुख खान की जवान भी डिले हो रही है। इसे साउथ के डायरेक्टर एटली बना रहे हैं।